उज्जैन
मंगलवार
23
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-230
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

## स्टारलिंक जैसी कंपनियों को लाइसेंस के बाद केंद्र से सुरक्षा मंजूरी लेनी होगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सैटेलाइट संचार कंपनियों के लिए कड़े नियमों का मसौदा जारी किया है। इसके तहत स्टारलिंक, यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटकॉम जैसी कंपनियां सिर्फ दूरसंचार विभाग का लाइसेंस मिलने के आधार पर सेवाएं शुरू नहीं कर सकेंगी। स्पेक्ट्रम आवंटन के बाद भी उन्हें सुरक्षा मंजूरी और केंद्र सरकार की स्पष्ट अनुमति लेनी होगी।

# इंदौर से लापता नीट छात्रा का शव खरगोन में मिला

- परीक्षा देने मऊ गई थी, फिर घर नहीं लौटी
- नर्मदा में कूदकर सुसाइड की आशंका

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर/महेश्वर**

इंदौर से लापता नीट छात्रा का शव खरगोन में नर्मदा नदी में मिला। लसूड़िया इलाके में तलावली चांदा की रहने वाली 18 वर्षीय निक्की यादव रविवार को नीट यूजी का पेपर देने घर से निकली थी। परीक्षा केंद्र मऊ में था। परीक्षा खत्म होने के बाद निक्की देर रात तक घर नहीं लौटी।

कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजन भंवरकुआं थाना पहुंचे। बेटी के लापता होने की सूचना दी। पुलिस ने तलाश शुरू की। सोमवार दोपहर भंवरकुआं थाने में खरगोन के करही थाने से एक युवती की लाश मिलने का फोन आया। उसके पास निक्की का पहचान पत्र मिलने की बात कही गई। भंवरकुआं पुलिस परिजन को लेकर खरगोन पहुंची, जिन्होंने उसे पहचान लिया। पुलिस प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जता रही है। हालांकि, मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगा।

- **डॉक्टर बनना चाहती थी, दो बार नीट दे चुकी थी-** रामानंद यादव ने बताया कि निक्की इससे पहले भी दो बार नीट परीक्षा दे चुकी थी, लेकिन सफल नहीं हो पाई थी। वह डॉक्टर बनना चाहती थी और इसके लिए लगातार मेहनत कर रही थी। परिवार में उसकी दो बड़ी बहनें सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। एक भाई इंजीनियर है और छोटा भाई स्कूल में है। परिवार का कहना है कि निक्की किन परिस्थितियों में बड़वाह पहुंची, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है।
- **बड़वाह में मिली थी अंतिम लोकेशन-** पुलिस के अनुसार, निक्की के मोबाइल की अंतिम लोकेशन बड़वाह क्षेत्र में मिली थी। फिलहाल छात्रा के परीक्षा के बाद के मूवमेंट, मोबाइल फोन और अन्य हालात की जांच की जा रही है।

### मां को फोन किया कि कुछ देर में घर पहुंच जाएगी

निक्की के पिता रामानंद यादव अकाउंटेंट हैं। उन्होंने कहा- रविवार को छोटा बेटा शिवम उसे परीक्षा केंद्र छोड़ने गया था। परीक्षा खत्म होने के बाद निक्की ने किसी अन्य छात्रा के मोबाइल से अपनी मां को फोन किया। कहा कि उसका मोबाइल बंद हो गया है और वह कुछ देर में घर पहुंच जाएगी। इसके बाद परिवार का उससे संपर्क नहीं हो सका। परिजन ने रात करीब 10 बजे तक उसका इंतजार किया। काफी तलाश करने के बाद वे लसूड़िया थाने पहुंचे।

### रात में ही थाने पहुंचे, पुलिस ने नहीं की मदद

निक्की के परिजन का आरोप है कि वे रविवार रात को ही थाने पहुंच गए थे। करीब एक घंटे तक इंतजार कराने के बावजूद पुलिस की ओर से कोई मदद नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर सोमवार सुबह दोबारा भंवरकुआं थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## अमेरिका ने ईरान के तेल बेचने पर प्रतिबंध हटाया, अगले 60 दिन भारत भी खरीद सकता है

**तेल अवीव।** अमेरिका ने ईरान के तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बिक्री पर लगी पाबंदियों में 60 दिन की ढील दे दी है। यह फैसला स्विट्जरलैंड में दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के बाद लिया गया है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने ईरानी मूल के कच्चे तेल, पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उत्पादन, डिलीवरी और बिक्री के लिए अस्थायी सामान्य लाइसेंस जारी किया है। यह छूट 21 अगस्त तक लागू रहेगी। इससे भारत समेत कई देश फिर से ईरानी तेल खरीद सकेंगे। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि स्विट्जरलैंड में हुई वार्ता के दौरान ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में बिना रोक-टोक आवाजाही बनाए रखने का भरोसा दिया है। इसके साथ ही ईरान वठ की परमाणु एजेंसी क्ष्अएअ के इंस्पेक्टर्स को दोबारा देश में काम करने की मंजूरी देने पर भी सहमति जताई है।

## उत्तरप्रदेश में आंधी-बारिश से पेड़-पोल उखड़े, कार पर गिरे

**पटना।** देश में 15 दिन से छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर अटका मानसून सोमवार को आगे बढ़ा है। पश्चिमी तट पर मुंबई से 20 किमी दूर अलीबाग तक पहुंच गया है। अगले 24 से 48 घंटे में मुंबई पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। एमपी के 17 जिलों में सोमवार को बारिश हुई। छतरपुर में बिजली गिरने से दो लड़कियां झुलस गईं। इनमें से एक की अस्पताल में मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के 6 शहरों में सोमवार दोपहर बाद बारिश हुई। बस्ती में आंधी-बारिश की वजह से पेड़-पोल उखड़ गए। एक पेड़ कार पर गिरा। सड़क पर पोल गिरने से ट्रैफिक जाम हो गया।

## व्हाट्सएप की कमान भारतीय उद्यमी के हाथ कुणाल शाह बने नए प्रमुख

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के नेतृत्व में बड़ा बदलाव करते हुए मेटा ने भारतीय उद्यमी और क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह को नया प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की है। इसके साथ ही मेटा ने भारतीय फिनटेक कंपनी क्रेड में 90 करोड़ डॉलर के निवेश का भी ऐलान किया है। इस फैसले को मेटा की भारत-केंद्रित रणनीति और वैश्विक स्तर पर भारतीय नेतृत्व को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। व्हाट्सएप के मौजूदा प्रमुख विल कैथकार्ट अब अपनी वर्तमान जिम्मेदारी छोड़कर मेटा के भीतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपभोक्ता उत्पादों और सेवाओं के विकास से जुड़े नए दायित्व संभालेंगे। मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग ने इस नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा कि कुणाल शाह ने क्रेड को भारत की सबसे प्रभावशाली प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक बनाया है।

## कतर के गैस हब में भीषण धमाका, 13 की मौत, भारतीयों के हताहत होने की आशंका

**दोहा।** दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) केंद्रों में शामिल कतर के रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में हुए भीषण विस्फोट ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा जगत को झकझोर दिया है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार इस हादसे में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य के घायल होने की आशंका जताई जा रही है। मृतकों में भारतीय और पाकिस्तानी नागरिकों के भी शामिल होने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद कतर सरकार, ऊर्जा कंपनियों और सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विस्फोट कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक ऊर्जा सुविधा में हुआ। यह क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी उत्पादन और निर्यात केंद्रों में गिना जाता है. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और सुरक्षा एजेंसियों तथा आपातकालीन सेवाओं को तत्काल मौके पर भेजा गया।

## श्वेता मेनन के इस्तीफे के बाद 17 सदस्यों ने छोड़ा संगठन

**कोच्चि।** मलयालम फिल्म उद्योग के सबसे प्रभावशाली कलाकार संगठन एएमएमए (एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स) में नेतृत्व संकट गहरा गया है। संगठन की अध्यक्ष श्वेता मेनन के इस्तीफे के बाद पूरे घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया है। श्वेता मेनन के पद छोड़ने के कुछ ही समय बाद कार्यकारिणी समिति के सभी 17 सदस्यों ने भी इस्तीफा दे दिया, जिससे संगठन में अभूतपूर्व स्थिति पैदा हो गई है। इस घटनाक्रम ने मलयालम फिल्म जगत में व्यापक चर्चा और चिंता का माहौल बना दिया है। रविवार को कोच्चि में आयोजित एएमएमए की वार्षिक आमसभा के दौरान संगठन के कामकाज, वित्तीय दस्तावेजों और आंतरिक विवादों को लेकर तीखी बहस देखने को मिली। बैठक के दौरान कई सदस्यों ने वार्षिक रिपोर्ट और लेखा-जोखा को लेकर सवाल उठाए।

## आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी में बोलेरो पलटने से 3 मजदूरों की मौत

**गोदावरी।** आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मंगलवार सुबह बोलेरो पलटने से 3 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए। हादसा अनापर्थी के पास रात करीब 2 बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक, सभी मजदूर गुंटूर जिले के कोल्लुरू में बाड़ लगाने का काम पूरा कर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान मसाकापल्ली बालू, मुरामल्ला राजकुमार और ताथापुडी राजेश के रूप में हुई है। घायलों को पेद्दापुरम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मजदूर पूर्वी गोदावरी जिले के सम्मरलकोटा क्षेत्र के गुम्माडीवेडी गांव के रहने वाले थे। वाहन अनापर्थी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया।

### ट्रस्टी अब फैसले नहीं ले रहे, चढ़ावे की काउंटिंग में 3 बड़े बदलाव किए

# डीएम ने राम मंदिर की जिम्मेदारी संभाली

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या**

अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावे में हुई हेर-फेर की जांच अब आखिरी मोड़ पर पहुंच गई है। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने अपनी शुरूआती जांच पूरी कर ली है। एसआईटी चीफ विजय विश्वास पंत की अगुआई में रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है।

चूंकि यह मामला करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है, इसलिए इस रिपोर्ट को पहले प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी खुद इस मामले पर नजर रख रहे हैं। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद ही कोई कानूनी कार्रवाई शुरू होगी। इस बीच, अयोध्या के डीएम शशांक त्रिपाठी ने मंदिर प्रबंधन के कामकाज देखना शुरू कर दिया है। वह ट्रस्ट में पदेन सदस्य भी हैं।

### एसआईटी रिपोर्ट

एसआईटी ने इस पूरे मामले की जांच को 3 भागों में बांटा है, जिससे मौजूदा लापरवाही सामने लाई जा सके। साथ ही यह भी तय हो जाए कि भविष्य में चढ़ावा और मंदिर संपत्ति में हेर-फेर न हो सके।

**पहला** : आपराधिक जांच- एसआईटी ने जांच में देखा कि किस कर्मचारी या ट्रस्टी की लापरवाही से चढ़ावे का पैसा, जेवरात या मंदिर की संपत्ति गायब हुई।

**दूसरा** : फाइनेंशियल ऑडिट- मंदिर में अब तक आए कुल दान, बैंक खातों के लेन-देन, टेंडर प्रक्रिया और जमीनों की खरीद-फरोख्त की जांच शामिल है।

**तीसरा** : सुझाव- एसआईटी ट्रस्ट में बदलाव या सुधार के लिए नए नियम-कानून, बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदारी तय करने के सुझाव देगी।

### चंपत राय मंदिर से बाहर नहीं आए, डॉ. अनिल घर से आ-जा रहे

चंपत राय पहले कारसेवकपुरम में रहते थे। लेकिन, चढ़ावे में हेर-फेर सामने आने के बाद से वह राम मंदिर परिसर में ही रहने लगे हैं। वह मंदिर परिसर के बाहर नहीं जाते। दूसरी तरफ, डॉ. अनिल मिश्रा रोज राम मंदिर परिसर पहुंच रहे हैं। उसके बाद वे मंदिर से 4 किमी दूर लक्ष्मणपुरी कॉलोनी में अपने घर चले जाते हैं। गोपाल राव मंदिर से बिल्कुल सटे तीर्थ क्षेत्रपुरम में रहते हैं। वे हर रोज मंदिर आते हैं। बाकी जिन कर्मचारियों के घर से रुपए बरामद हुए, उन्हें मंदिर परिसर के अंदर बेसमेंट में रखा गया है। अधिकारी और पुलिस यहीं पर उनसे पूछताछ करते हैं। उन्हें मंदिर परिसर के बाहर नहीं जाने दिया जा रहा।

### संघ और सरकार के बीच सहमति, ट्रस्टी हटना तय

- ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारियों में चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव को एसआईटी रिपोर्ट में क्लीनचिट मिलना मुश्किल है। भले ही इन पर सीधेतौर पर चोरी के आरोप न लगे हों, लेकिन लापरवाही और अनदेखी करने का दोषी माना जाना तय है।
- सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सरकार के बीच यह सहमति बन चुकी है कि आने वाले दिनों में इन तीनों को धीरे-धीरे ट्रस्ट की जिम्मेदारियों से हटा दिया जाएगा। ये संकेत ट्रस्टियों को दिया भी जा चुका है।

### मंदिर के अंदर हुए 3 बड़े बदलाव

जांच शुरू होने के बाद मंदिर के अंदर की व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया गया है। मंदिर में काम करने वाले 1600 कर्मचारियों पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

**टेबल-कुर्सी नहीं, दरी पर बैठकर हो रही गिनती** : पहले दानपात्र में आने वाले चढ़ावे के नोटों की गिनती सेवादार टेबल-कुर्सी पर बैठकर करते थे। लेकिन, अब जमीन पर दरी और कालीन बिछाकर नोट गिने जाते हैं। आते-जाते समय कर्मचारियों की सख्त तलाशी ली जा रही है। अब दानपात्र से रुपए निकालने की वीडियोग्राफी हो रही है।

**पुराने कर्मचारी हटाए गए** : मंदिर में काम करने वाले 40 भरोसेमंद सेवादारों को ही नोट गिनने के काम में लगाया गया है। पुराने स्टाफ और नोट गिनने आने वाले बैंक के 2 कर्मचारियों को भी हटाकर नए लोग तैनात किए गए हैं। 6 नए उउळश भी लगाए गए हैं। डीवीआर में वीडियो स्टोरेज भी बढ़ाई जा रही है।

**ट्रस्टियों के अधिकार फ्रीज** : ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा और आमंत्रित सदस्य गोपाल राव अब मंदिर के रोजमर्रा के कामों में एक्टिव नहीं हैं। अब वे मंदिर की व्यवस्था से जुड़ा किसी तरह का नया फैसला नहीं ले सकते। अयोध्या के डीएम शशांक त्रिपाठी जो खुद ट्रस्ट के सदस्य हैं, उनकी निगरानी में काम चल रहा है।

## ओडिशा के जंगल में हथियार जखीरा बरामद

### आईएनएसएएस राइफल, 18 किलो क्लेमोर माइंस व 7 टिफिन बम मिले

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोरापुट**

ओडिशा पुलिस ने कोरापुट जिले के जंगलों में छिपाकर रखे गए माओवादियों के हथियार और विस्फोटक सामग्री का बड़ा जखीरा बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई आत्मसमर्पण कर चुके माओवादियों से मिली सूचना के आधार पर की गई।

कोरापुट के पुलिस अधीक्षक रोहित वर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान आत्मसमर्पित माओवादियों ने बैपारिगुड़ा थाना क्षेत्र के बदलीपहाड़ जंगल में छिपाए गए एक गुप्त ठिकाने की जानकारी दी थी। सूचना के आधार पर चलाए गए तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों ने वहां से एक आईएनएसएएस राइफल, छह देशी बंदूकें, 18 किलोग्राम क्लेमोर माइंस, सात टिफिन बम और अन्य सामग्री बरामद की। पुलिस के अनुसार, बरामद सामग्री माओवादी गतिविधियों में इस्तेमाल के लिए छिपाकर रखी गई थी। सुरक्षा एजेंसियां अब इस बात की जांच कर रही हैं कि यह हथियार कब और किस उद्देश्य से वहां जमा किए गए थे।

### वर्तमान व्यवस्था के चलते

# हजारों शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया से हो सकते हैं बाहर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के नए आदेश ने स्कूल शिक्षा विभाग में ई-अटेंडेंस को लेकर चल रही बहस को नया मोड़ दे दिया है।

संचालनालय ने 1 जुलाई 2026 से विभाग के सभी कार्यालयों, प्रशिक्षण संस्थानों, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए हमारे शिक्षक पोर्टल के जरिए ई-अटेंडेंस दर्ज करना अनिवार्य कर दिया है। आदेश जारी होने के बाद शासकीय शिक्षक संगठन ने स्थानांतरण नीति में लागू 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस की शर्त पर सवाल खड़े किए हैं। संगठन का कहना है कि अब यह साफ हो गया है कि ई-अटेंडेंस केवल शिक्षकों के लिए नहीं बल्कि पूरे विभाग के लिए लागू की जा रही है, इसलिए स्थानांतरण में सिर्फ शिक्षकों को इस आधार पर प्रतिबंधित करना न्यायसंगत नहीं है।

**स्थानांतरण नीति में लागू 90 प्रतिशत ई-अटेंडेंस की शर्त पर सवाल**

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कौशल के साथ ही उज्जैन जिले के भी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि जनवरी से मार्च के बीच बड़ी संख्या में शिक्षक बोर्ड परीक्षाओं, उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जनगणना और अन्य शासकीय कार्यों में लगे रहे। ऐसे में कई शिक्षकों की ई-अटेंडेंस तकनीकी और व्यावहारिक कारणों से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर शिक्षकों को स्वैच्छिक स्थानांतरण से वंचित करना उचित नहीं होगा। सरकार को ई-अटेंडेंस से जुड़ी कठोर शर्तों पर पुनर्विचार करना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था के चलते हजारों शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया से बाहर हो सकते हैं। कई शिक्षक ऐसे हैं जिनकी उपस्थिति सरकारी कार्यों या तकनीकी समस्याओं के कारण पूरी नहीं हो पाई, जबकि वे नियमित रूप से ड्यूटी पर मौजूद रहे। शिक्षक संगठन ने मांग की है कि स्थानांतरण नीति को शिक्षक हितैषी, पारदर्शी और न्यायपूर्ण बनाया जाए। संगठन ने उम्मीद जताई है कि राज्य सरकार शिक्षकों की आपत्तियों और सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी तथा आवश्यक संशोधन कर राहत प्रदान करेगी।

# देश में नक्सलवाद आखिरी सांसें गिन रहा है : पीएम मोदी

### आज जो संविधान हाथ में हिलाते हैं, नक्सली हिंसा के चरम पर उनके हाथ कांपते थे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने देश में दशकों से जारी नक्सलवाद हिंसा को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि जो लोग अब संविधान दिखा रहे हैं, उनके हाथ तब कांप रहे थे, जब नक्सली हिंसा चरम पर थी।

रिपब्लिक भारत न्यूज चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने सोमवार को कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने नक्सल प्रभावित इलाकों को पिछड़ा क्षेत्र करार दिया था। लेकिन एनडीए सरकार ने उन इलाकों को बदलने की चुनौती स्वीकार की, वहां के लोगों को निराशा से बाहर निकलने में मदद की और उनमें तरक्की की उम्मीदें जगाईं।

पीएम ने आगे कहा कि सरकारें आईं और गईं, पीढ़ियां आईं और गईं और ऐसा लगा कि हिंसा का यह दुर्भाग्य ऐसे ही बना रहेगा। लेकिन हमने स्थिति को बदलने के लिए 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ कदम आगे बढ़ाए। आज, देश में माओवादी-नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि इसके लिए पूर्ण समर्पण की आवश्यकता थी। दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार संविधान की प्रति हाथ में लहराते देखा गया है। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद सांसद के तौर पर शपथ लेते समय भी उन्होंने यही किया था।

### समुद्र में बढ़ रही गर्मी से मानसून कमजोर हुआ

# गॉडजिला अल नीनो से भारत में सूखे का खतरा बढ़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारत समेत दक्षिण एशिया के कई देशों में सूखे और बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। इसकी वजह अल नीनो की मजबूत स्थिति है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के मुताबिक पश्चिमी प्रशांत महासागर में 1997 के बाद ऐसी परिस्थितियां बन रही हैं।

29 साल पहले इतिहास का सबसे शक्तिशाली अल नीनो बना था, जिसे सुपर या गॉडजिला अल नीनो कहा गया। जून 2026 में वैसी ही स्थिति बनती दिख रही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह पिछले कुछ दशकों का सबसे प्रभावशाली अल नीनो हो सकता है। नासा के सैटेलाइट ने समुद्र में जमा हो रही भारी मात्रा में गर्मी की फोटो और आंकड़े जारी किए हैं।

### समुद्र में गर्म पानी जमा हो रहा

नासा के सेंटिनल-6 माइकल फ्रीलिच सैटेलाइट से मिले आंकड़ों के मुताबिक भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के बड़े हिस्से में समुद्र का जलस्तर सामान्य से ज्यादा है। वैज्ञानिकों के मुताबिक- यह संकेत देता है कि समुद्र की सतह के नीचे बड़ी मात्रा में गर्म पानी जमा हो रहा है। जब समुद्र का पानी गर्म होता है तो वह फैलने लगता है। इससे जलस्तर बढ़ जाता है। समुद्र की सतह के नीचे जमा गर्मी दुनिया के मौसम को प्रभावित करती है। गर्म पानी का भंडार बड़ा और गहरा हो जाए, तो इसका वैश्विक असर होता है। इससे कई देशों में मौसम का संतुलन बिगड़ सकता है।

# ब्रेड-जूस कंपनियों के '100%' शुद्ध प्रोडक्ट का दावा गलत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

उउढअ यानी सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने खाने-पीने के सामानों पर '100%' शुद्धता का भ्रामक दावा करने वाली दो कंपनियों पर 1-1 लाख रु. का जुर्माना लगाया है। ये स्टोरिया फूड्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड और इंग्लिश ओवन ब्रेड बनाने वाली कंपनी मिसेज बेक्टर्स फूड स्पेशलिटीज लिमिटेड है।

अथॉरिटी ने जांच में पाया कि इन कंपनियों ने अपने विज्ञापनों और पैकेट पर 100% शब्द का इस्तेमाल इस तरह किया जो उनके प्रोडक्ट्स की असली सामग्री (कंपोजीशन) से बिल्कुल अलग था। चीफ कमिश्नर निधि खरे और कमिश्नर अनुपम मिश्रा की अगुवाई वाली अथॉरिटी ने दोनों कंपनियों को अपने प्रोडक्ट पैकेजिंग, वेबसाइट और सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म से इन भ्रामक दावों को हटाने का निर्देश दिया है।

सीसीपीए ने स्टोरिया फूड्स के '100% टेंडर कोकोनट वाटर' और अनार, मैंगो, मिक्स्ड फ्रूट और अमरूद जैसे जूस के विज्ञापनों पर खुद संज्ञान लिया था। ये प्रोडक्ट्स कंपनी की वेबसाइट के अलावा अमेजन, फ्लिपकार्ट, बिगबास्केट, ब्लिंकिट, जियोमार्ट और जेप्टो जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचे जा रहे थे। यह ड्रिंक पानी और सिर्फ 9.6% कोकोनट वाटर कंसंट्रेट को मिलाकर तैयार की गई थी, जिसे 100% नारियल पानी के 'बराबर' दिखाने के लिए रिकॉन्स्टिट्यूट (पुनर्गठित) किया गया था।

### जंतर-मंतर पर उखढ का धरना तीसरे दिन जारी

# भारतीय किसान यूनियन ने किया समर्थन का ऐलान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय किसान यूनियन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपना समर्थन कॉकरोच जनता पार्टी को देने का ऐलान किया है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने इस समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने किसानों और छात्रों से जंतर-मंतर पर चल रहे प्रोटेस्ट में शामिल होने के लिए आग्रह किया था।

कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जंतर-मंतर पर तीसरे दिन भी जारी है। इस आंदोलन को भारतीय किसान यूनियन का साथ मिल गया है। यूनियन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपना समर्थन देने की जानकारी दी। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने इस समर्थन के लिए धन्यवाद दिया है। आपको बताते चलें कि दीपके ने किसान संगठनों और नीट की दोबारा परीक्षा दे रहे छात्रों से इस प्रदर्शन में जुड़ने के लिए आग्रह किया था।

- भारतीय किसान यूनियन की प्रेस वार्ता के दौरान कहा गया- कोई भी लड़े, वो अच्छा है। हम उनके साथ हैं। अगर कोई बुरे काम के विरुद्ध आवाज उठाता है, देश को बचाने के लिए आवाज उठाता है, तो हम उसके साथ हैं। जंतर-मंतर पर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सीजेपी फाउंडर ने किसानों और छात्रों से जंतर-मंतर पहुंचकर धरना में शामिल होने की अपील की थी। सोशल मीडिया पर जितनी संख्या में सीजेपी के फॉलोवर हैं, उसका नाम मात्र भी प्रोटेस्ट साइट पर नहीं दिखाई दे रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दीपके द्वारा इन लोगों से शामिल होने के लिए कहा गया था।
- परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों, नीट पेपर लीक और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रदर्शनकारी सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी जंतर-मंतर पर अपना धरना जारी रखे हुए हैं। यह धरना प्रदर्शन शनिवार दोपहर शुरू हुआ था और रातभर जारी रहा। प्रदर्शनकारी पुलिस की तैनाती के बीच मौके पर डटे रहे। रात में कुछ लोग प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शनकारियों को भोजन और पीने के लिए पानी देते भी देखे गए।

### पुलिस जवान आधार कार्ड की जानकारी और उनके पते मांग रहे

बीती रोज दीपके ने कहा था, "विरोध प्रदर्शन कल भी जारी रहेगा और भीड़ बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि किसान संगठनों ने अपना समर्थन दिया है और वे कल हमारे साथ शामिल होंगे।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि दिल्ली पुलिस के जवान प्रदर्शन स्थल पर प्रदर्शनकारियों को पानी और केले देने वाले लोगों से आधार कार्ड की जानकारी और उनके पते मांग रहे हैं।



## खबर एक नजर...

### जायसवाल धर्मशाला में 24 जून तक जारी रहेगा पांच दिवसीय नाड़ी परीक्षण शिविर

**उज्जैन।** शहर के क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में जायसवाल धर्मशाला में 20 से 24 जून तक पांच दिवसीय निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं परामर्श शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जबलपुर के प्रसिद्ध आयुर्वेद विशेषज्ञ और मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल मरीजों की निःशुल्क जांच कर आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार कर रहे हैं। पिछले 25 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे वैद्य जायसवाल मुख्य रूप से उन मरीजों का इलाज कर रहे हैं जो पुराने और असाध्य रोगों से लंबे समय से परेशान हैं और जिन्हें कहीं और लाभ नहीं मिल पाया है। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता बिना किसी सर्जरी के मात्र पांच मिनट में मस्सा निकालने की सुविधा है।

### विद्यार्थियों को नवाचार और वैश्विक नागरिकता के लिए तैयार करने का संकल्प

उज्जैन। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस और विद्यालय के स्थापना दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की आगामी पांच वर्षों के विकासात्मक रोडमैप की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की मुस्कान, ऊर्जा और नए सपनों से सराबोर दिखाई दिया। विद्यालय के चेयरमैन आनंद पंड्या, डायरेक्टर राहुल पंड्या, अकादमिक डायरेक्टर सरोज वागले, उप-प्राचार्या पल्लवी दिवाकर एवं समन्वयकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यालय की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को भी साझा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के पितृ पुरुष बी. के. पंड्या तथा विशेष अतिथि समाज सेविका, पूर्व सदस्य महिला एवं बाल विकास व पूर्व खाद्य आयोग सदस्य स्नेहलता उपाध्याय थीं। अतिथियों द्वारा विद्यालय की आगामी पांच वर्षों के विकासात्मक रोडमैप की घोषणा की गई।

### साहित्यकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी पं. सूर्यनारायण व्यास स्मृति सम्मान से अलंकृत

उज्जैन। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज सिंहपुरी द्वारा आयोजित शिप्रा-गंगा-नर्मदा महोत्सव के समापन अवसर पर प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी को पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. जोशी को यह सारस्वत अभिनंदन साहित्य व कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए पं. व्यास की 50वीं पुण्यतिथि पर आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में प्रदान किया गया। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में नगर निगम सभापति कलावती यादव, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. सुरेन्द्र चतुर्वेदी, पार्षद माया त्रिवेदी, पार्षद पं. अर्पित दूबे, पं. गिरीश शास्त्री, पं. योगेश शर्मा और पं. राजशेखर व्यास उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर पं. व्यास के जीवन पर प्रकाश डाला।

### योगाभ्यास के साथ हुआ बावड़ी की सफाई का श्रमदान

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत पशुपतिनाथ मंदिर में योग दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों और बालिकाओं ने योगाभ्यास करने के साथ ही वहां स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह आयोजन सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट कार्ड संस्था उज्जैन एवं सहयोगी संस्थाओं जन अभियान परिषद, देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति तथा देव संजीवन सामाजिक कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

# क्रिकेट में नरसिम्हा वारियर्स बनी चैंपियन, विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने मारी बाजी

## गोला मंडी माहेश्वरी भवन में महेश नवमी महोत्सव की धूम, 28 जून को होगा विजेताओं का सम्मान





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री माहेश्वरी सभा गोला मंडी और माहेश्वरी समाज नरसिंह मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव उत्साह के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के तहत 21 जून को आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में नरसिम्हा वारियर्स ने खिताब अपने नाम किया। वहीं, श्री माहेश्वरी भवन गोला मंडी में विभिन्न सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें समाजजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेता और उपविजेता टीमों तथा प्रतिभागियों को 28 जून की शाम माहेश्वरी भवन में पुरस्कृत किया जाएगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता मुख्य अतिथि सावन बजाज व सपन माहेश्वरी और राधेश्याम चौखड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आठ टीमों के मध्य हुए मुकाबलों में नरसिम्हा वारियर्स विजेता और माहेश्वरी सुपर किंग्स उपविजेता रही। विजेता टीम में कप्तान विजय जाजू, पुलकित झंवर, शुभम झंवर, हवन मूंदड़ा, अंकेश राठी, आयुष माहेश्वरी, हार्दिक बजाज, महेश तोषनीवाल और सजल बाहेती शामिल थे। वहीं, उपविजेता टीम में कप्तान अमन भूतड़ा, माधव भूतड़ा, माधव बाहेती, संजय कोठारी, प्रदीप आगीवाल, मनीष राठी, मंगल भूतड़ा, प्रतीक काबरा और कृष्ण कांत खडलोया ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के दौरान विशेष अतिथि के रूप में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, ओमप्रकाश काबरा, महेश चांडक, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, भूपेंद्र भूतड़ा, नरसिंह इनानी, नरसिंह देवपुरा, अतुल देवपुरा, एडवोकेट राजकुमार झंवर, एडवोकेट भूपेंद्र जाजू, गिरीश भट्टड़, संदीप भूतड़ा, दिनेश डाढ़, मनोज बियाणी, राम मंत्री, मनसुख लाल झंवर, कमलेश मंत्री, प्रशांत बंग, डॉ. सर्वेश माहेश्वरी, नीलेश कोठारी, लक्ष्मीनिवास झंवर और कैलाश जैथल्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और ट्रॉफी प्रायोजन अर्पण इनानी ने किया। आभार अंकुश धूत ने माना। अंत में सभी 72 खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और रात्रि भोज के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

# तन से मन और आत्मा से परमात्मा के जुड़ाव का नाम ही योग



### ॐ कार योग शाला एवं विचार क्रांति साहित्य मंच का आयोजन, योग, संगीत व पिता दिवस पर सजी काव्य गोष्ठी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। योग दिवस, विश्व संगीत दिवस और पिता दिवस के अवसर पर जवाहर नगर स्थित ट्रेजर बाजार की ॐ कार योगशाला में काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ॐ कार योग शाला एवं विचार क्रांति साहित्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में शहर के नामचीन रचनाकारों ने अपनी कविताओं की प्रस्तुति दी और वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चित्रकार श्रीकृष्ण जोशी थे और अध्यक्षता वरिष्ठ मालवी साहित्यकार डॉ. शिव चौरसिया ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. चौरसिया ने कहा कि तन से मन एवं आत्मा से परमात्मा के जुड़ाव की प्रक्रिया ही योग है। उन्होंने भगवान शिव के डमरू से निकली ॐ ध्वनि को संगीत का मूल बताया। मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण जोशी ने वर्तमान समाज में बुजुर्गों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इस त्रिवेणी अवसर पर सांस्कृतिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रारंभ में विचार क्रांति साहित्य मंच के अध्यक्ष सुगनचंद जैन एवं ॐ कार योग शाला प्रमुख अमित पांचाल ने अतिथियों का शॉल, दुपट्टा व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया। काव्य गोष्ठी में डॉ. विक्रम विवेक की पिता दिवस पर केंद्रित कविता को श्रोताओं ने खूब सराहा। सुगनचंद जैन ने पिता को समर्पित अद्भुत गीत प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश चौरे, दिलीप जैन, तरुण उपाध्याय, दिनेश अनल, शुभम शर्मा 'शिव', डॉ. खुशबू बाफना, सुनीता राठौर, सखा पाहवा, लोकगायिका सुनीता गुंजन और नंदकिशोर पांचाल ने अपनी हिंदी व मालवी रचनाओं से खूब तालियां बटोरीं। आयोजन की सफलता पर जय चौहान, वीरेंद्र चौहान एवं आयुषी चौहान ने शुभकामनाएं देते हुए आभार माना। कार्यक्रम का संचालन विचार क्रांति साहित्य मंच के संयोजक अनिल पांचाल 'सेवक' ने किया।

### रामघाट स्थित दत्त अखाड़ा में योग दिवस पर, विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामघाट स्थित दत्त अखाड़ा के संस्कृति वैदिक गुरुकुलम में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

गुरुकुल के संचालक आचार्य संजय गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को योग के स्वास्थ्य लाभ और भारतीय संस्कृति में योग की प्राचीन परंपरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह आयोजन दत्त अखाड़ा के महंत श्री श्री 1008 पीर सुंदर पुरी जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महंत पीर सुंदर पुरी जी महाराज ने विद्यार्थियों से नियमित योग करने का आग्रह किया। उन्होंने बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया।

# क्षत्रिय युवाओं पर झूठी एफआईआर से आक्रोश, महासभा ने एसपी को ज्ञापन सौंप दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

## ड्यूटी कर रहे युवक को बनाया आरोपी, निष्पक्ष जांच कर मुकदमा वापस लेने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने नागदा मंडी थाना क्षेत्र में समाज के दो युवाओं पर झूठी एफआईआर दर्ज किए जाने का आरोप लगाया है। महासभा ने सोमवार को उज्जैन पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और निर्दोष युवाओं के नाम मुकदमे से हटाने की मांग की है। महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई की तो समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

महासभा के संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह बेस और जिला अध्यक्ष जीवन सिंह तंवर ने बताया कि नागदा निवासी अधिवक्ता लक्ष्मी रघुवंशी ने 20 जून को अनुराग सिंह सिसोदिया और दीपेंद्र सिंह के खिलाफ पाइप तोड़ने व अभद्रता करने का मनगढ़ंत मुकदमा दर्ज कराया है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि घटना के समय अनुराग सिंह नागदा में मौजूद ही नहीं थे। वह राजस्थान के निंबाहेड़ा स्थित वंडर सीमेंट कंपनी में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। उनके मोबाइल नंबर की लोकेशन और कंपनी के आधिकारिक उपस्थिति रिकॉर्ड से इसकी पुष्टि की जा सकती है। वहीं दूसरे युवक दीपेंद्र सिंह वहां से अपनी गाड़ी से गुजर रहे थे और उन्होंने अज्ञात लड़कों द्वारा की जा रही पत्थरबाजी का केवल वीडियो बनाया था।

### धमकाने की शिकायत के बाद दर्ज कराया जवाबी मुकदमा

समाजजनों का आरोप है कि 20 जून को ही अधिवक्ता लक्ष्मी रघुवंशी के पति लक्ष्मण सिंह शेखावत ने यशपाल सिंह सिसोदिया के घर जाकर उनके परिवार को डराया-धमकाया था। पीड़ित पक्ष ने इसकी शिकायत थाने में पहले ही दर्ज करा दी थी। इसी शिकायत से बौखलाकर दबाव बनाते हुए पुलिस से यह झूठा जवाबी मुकदमा दर्ज कराया गया है। महासभा ने मांग की है कि वंडर सीमेंट के उपस्थिति रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन और वीडियो साक्ष्य को विवेचना में शामिल कर खात्मा लगाया जाए।

### ज्ञापन सौंपने के दौरान यह रहे उपस्थित

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के दौरान महेंद्र सिंह बेस, आरपीएस तोमर, शमशेर सिंह तोमर, विजय सिंह राजपूत, डॉ. जीवन सिंह राजपूत, गजराज सिंह पंवार, मिलिन सिंह चौहान, जीवन सिंह तंवर, गोविंद सिंह देवड़ा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर पंवासा, जीवन सिंह लखड़, गोपाल सिंह हीरावत, बजरंग सिंह चौहान, यशपाल सिंह सिसोदिया, दरबार सिंह कर्मडी, राजेंद्र सिंह झाला और महेंद्र सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आचार्य सत्यम का सरकार पर जनधन की बबार्दी का आरोप

# सिंहस्थ प्रोजेक्ट्स पर मुख्यमंत्री को शास्त्रार्थ की चुनौती, हारें तो कुर्सी छोड़ें, हम हारे तो प्रदेश छोड़ देंगे

### 25 रुपए बोतल का पानी पीने को मजबूर है उज्जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ को लेकर प्रस्तावित करोड़ों रुपए की योजनाओं की उपयोगिता पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक आचार्य सत्यम ने मुख्यमंत्री को खुली चुनौती दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मुख्यमंत्री अपने विशेषज्ञों के साथ उज्जैन आकर इन योजनाओं की सार्थकता पर शास्त्रार्थ करें। यदि मुख्यमंत्री हारते हैं तो पद छोड़ दें और चुनौती देने वाले हारे तो वे मध्य प्रदेश छोड़ देंगे।

हाल ही में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री और मुख्यमंत्री ने जिन तीन योजनाओं को सिंहस्थ की उपलब्धि बताकर प्रचारित किया है, आचार्य सत्यम ने उन पर तीखा हमला बोला है। आरोप है कि 5 लाख करोड़ के कर्ज में डूबी सरकार इन योजनाओं के जरिए जनधन की भारी बबार्दी कर रही है। 500 से 920 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी और पूर्णता तक 1100 करोड़ की होने वाली खान डायवर्जन क्लोज्ड डक्ट योजना को शिप्रा का उद्धारकर्ता बताने पर आपत्ति जताई गई है। दावा किया गया है कि इस योजना से गंभीर नदी के माध्यम से चंबल और गंगा तक जहर पहुंच रहा है।

इसी तरह 720 करोड़ की लागत वाली 29 किलोमीटर लंबी शिप्रा घाट परियोजना और 614 करोड़ की सेवाखेड़ी-सिलारखेड़ी पेयजल योजना को उज्जैन की प्यास बुझाने में पूरी तरह अक्षम, अनुपयोगी और अवैज्ञानिक करार दिया गया है। शिप्रा घाट योजना की लागत भी पूर्णता तक 1000 करोड़ पार जाने का दावा किया गया है। इन फैसलों को मोहम्मद तुगलक के फैसलों जैसा बताया गया है। देवास के घातक औद्योगिक प्रदूषण के नाग दमन नाले के जरिए शिप्रा में मिलने पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। आरोप है कि इसी प्रदूषण के कारण आज उज्जैन का संपन्न और मध्यम वर्ग सहित करीब पांच लाख की आबादी 25 रुपए प्रति बोतल का आरओ का पानी पीने को मजबूर है। गंगाधर महाकाल की जल तीर्थ नगरी के सर्वनाश पर गंभीर चिंता जताई गई है।

### अंतरराष्ट्रीय लैब से हो पानी की जांच

शिप्रा रक्षा के नाम पर अब तक बर्बाद किए गए करोड़ों रुपयों का हिसाब मांगा गया है। साथ ही मांग की गई है कि उज्जैन के भूगर्भ जल और शिप्रा के पानी की किसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला से जांच कराई जाए। सरकार से उज्जैन की पिछले 50 वर्षों की पेयजल योजनाओं पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग भी की गई है।

# सिंहस्थ में पंडे-पुजारियों पर टिप्पणी से बवाल, मांगे माफी वरना होगा मानहानि का केस

### अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने ग्वालियर टूरिज्म बोर्ड के बयान पर जताई कड़ी आपत्ति, कहा- पहले नौसिखिए अधिकारियों और पुलिस का व्यवहार सुधारें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने ग्वालियर स्थित भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान टूरिज्म बोर्ड द्वारा पंडे-पुजारियों पर की गई टिप्पणी का कड़ा विरोध किया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने चेतावनी दी है कि संस्था अपने बयान के लिए माफी मांगे, अन्यथा उसे मानहानि और एफआईआर जैसे मुकदमों का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही महासंघ ने संस्था से 'पंडे-पुजारी नो-नो' शब्द का स्पष्ट अर्थ भी बताने की मांग की है।

गौरतलब है कि हाल ही में टूरिज्म बोर्ड के हवाले से एक खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें कहा गया था कि सिंहस्थ में पंडे-पुजारी श्रद्धालुओं के साथ 'नो-नो' और ड्राइवर मनमानी न करें, बल्कि मुस्कुराकर जय महाकाल बोलें। इस आरोप का खंडन करते हुए महासंघ ने स्पष्ट किया कि तीर्थ स्थल और मंदिर पंडे-पुजारियों के कारण ही सुरक्षित हैं। देशभर से आने वाले यात्री अपने निजी पंडों को ढूंढकर कर्मकांड करवाते हैं और ब्राह्मणों से आशीर्वाद लेते हैं। शहर में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पुजारियों का व्यवहार हमेशा विनम्र रहता है।

पुजारी महासंघ ने अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इसके विपरीत सिंहस्थ में तैनात नौसिखिए अधिकारियों व पुलिस बल द्वारा दूर से आने वाले भक्तों के साथ किए जाने वाले दुर्व्यवहार की खबरें अक्सर मीडिया में सामने आती हैं। भीड़ प्रबंधन के नाम पर ऐसी संस्थाएं झूठ का प्रचार कर श्रद्धालुओं को मुख्य तीर्थ स्थलों तक पहुंचने नहीं देतीं।

महासंघ ने आरोप लगाया कि व्यवस्था के नाम पर भक्तों को सौ फीट दूर से ही दर्शन करवाकर बाहर कर दिया जाता है और कई बार भगवान के दर्शन तक नहीं हो पाते।

## शहर को एक और सौगात, आईआईटी इंदौर के साथ मिलकर खोला जाना तय

# उज्जैन में खुलेगा डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए उज्जैन में डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर खोलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से यह सेंटर शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में स्थापित किया जाएगा।

उज्जैन को साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार उज्जैन में जल्द ही डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर खोला जाएगा। इसके लिए उज्जैन के तारामंडल में सोमवार को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख सचिव एम. सेलवेंद्रन, संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की बैठक हुई। बैठक में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी के साथ आईआईटी की टीम के सदस्य भी मौजूद रहे।

प्रदेश में विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रमुख निवेश (लीड इन्वेस्टमेंट) आकर्षित करने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत उज्जैन में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए नई योजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत आईआईटी इंदौर के सहयोग से डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक में सेंटर की स्थापना को लेकर चर्चा की थी। उनके निर्देश पर सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने और उपयुक्त स्थान के चयन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में तय किया गया कि सेंटर को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए स्थान का चयन किया जाए। इस दौरान तारामंडल के प्रभारी डॉ. मनोज राठौर भी मौजूद रहे।

बैठक के बाद प्रमुख सचिव एम. सेलवेंद्रन, संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, डॉ. मनोज राठौर तथा आईआईटी की टीम ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। कॉलेज परिसर में स्थान का चयन करने के बाद सेंटर की स्थापना और साइंस सिटी निर्माण से जुड़ी आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिए गए। आईआईटी इंदौर के सहयोग से जल्द ही डीपटेक रिसर्च एंड डिस्कवरी सेंटर स्थापित किया जाएगा।

### माधवनगर उत्कृष्ट विद्यालय में बना प्रदेश का पहला शंकु यंत्र

शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधवनगर प्रदेश का पहला ऐसा विद्यालय बन गया है, जहां खगोलीय घटनाओं को समझने के लिए शंकु यंत्र का निर्माण किया गया है। डोंगला वेधशाला से आए विशेषज्ञ श्री घनश्याम रतनानी ने विद्यालय में बने शंकु यंत्र के माध्यम से बच्चों को बताया कि 21 जून को सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध में कर्क रेखा पर लंबवत होता है। उज्जैन कर्क रेखा के नजदीक स्थित है, इसलिए 21 जून को स्थानीय समय दोपहर 12 बजे और भारतीय मानक समय के अनुसार 12 बजकर 28 मिनट पर सूर्य के बिल्कुल ऊपर (लंबवत) होने के कारण परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो जाती है।

# राधा-कृष्ण मंदिर में उल्लास से मना आम्र मनोरथ महोत्सव, लगा 1 क्विंटल आम का भोग



### पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार हुआ आयोजन, आकर्षक श्रृंगार कर की गई महाआरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी अवंतिका के सिंहपुरी ब्रजेश्वर गली स्थित अति प्राचीन श्री राधा-कृष्ण मंदिर में सोमवार को आम्र मनोरथ महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान को एक क्विंटल 11 किलो से अधिक विभिन्न तरह के आमों का विशेष भोग लगाया गया।

आयोजन के तहत भगवान राधा-कृष्ण का आकर्षक श्रृंगार किया गया और पूरे मंदिर को फूलों से सजाया गया। इसके पश्चात महाआरती संपन्न हुई। यह मंदिर पुष्टिमार्गीय वल्लभ संप्रदाय से संबंधित है। यहां वर्षों से ज्ञानी एवं उपाध्याय परिवार द्वारा ब्रजेश्वर लाल जी की सेवा पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार की जा रही है। नित्य पूजा क्रम के साथ ही इस मंदिर में वर्ष भर होली उत्सव, फूल श्रृंगार, नौका विहार और चंदन चोली सहित कई धार्मिक आयोजन होते हैं।

सोमवार को हुए आम्र मनोरथ के दौरान पुजारी पंडित दिलीप ज्ञानी, पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रदीप उपाध्याय, किशोर ज्ञानी, अजय ज्ञानी, उत्सव त्रिवेदी, कृष्णा व्यास, विशेष व्यास, उत्कर्ष जोशी, राजेश दुबे, आक्षि और मुस्कान सहित ज्ञानी एवं उपाध्याय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

उज्जैन
मंगलवार
23
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**सुखतः क्रियते रामाभोगः, पश्चाद्धन्त शरीरे रोगः।
यद्यपि लोके मरणं शरणं, तदपि न मुञ्चति पापाचरणम्॥**

**अर्थः** सुख के लिए लोग आनंद-भोग करते हैं जिसके बाद इस शरीर में रोग हो जाते हैं। यद्यपि इस पृथ्वी पर सबका मरण सुनिश्चित है फिर भी लोग पापमय आचरण को नहीं छोड़ते हैं।

## खबर एक नजर...

### जल गंगा अभियान : गहरीकरण का कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश

**इंदौर।** शहर में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर निगम ने तालाबों के पुनर्जीवन और रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों की रफ्तार बढ़ा दी है। सोमवार को निगमायुक्त ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जोन-13 के वार्ड-75 स्थित नायता मुंडला तालाब पहुंचकर जनभागीदारी से किए जा रहे तालाब गहरीकरण एवं पाल मजबूतीकरण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाब के गहरीकरण एवं पाल सुदृढ़ीकरण का कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किया जाए, ताकि अधिक से अधिक जल संग्रहण क्षमता विकसित हो सके।

### एमपीआईडीसी : जलभराव रोकने के लिए काम शुरू

**इंदौर।** मानसून को देखते हुए मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) ने प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में तैयारियां शुरू कर दी हैं। पीथमपुर सेक्टर-1 से 6, एसईजेड, स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क, मेघनगर, निमरानी, जेतापुर और हातोद सहित अन्य क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एमपीआईडीसी द्वारा स्टॉर्म वाटर ड्रेनों की सफाई के लिए विशेष टीमें तैनात की गई हैं। इसके लिए लगभग 70 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। साथ ही वर्षा ऋतु में पौधारोपण के लिए रिक्त भूमि का चयन किया जा रहा है। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने उद्योगों से अपील की है कि वे ड्रेनों में कचरा न डालें। इच्छुक उद्योग प्रक्रिया के तहत आवेदन कर पौधारोपण के लिए अस्थायी भूमि प्राप्त कर सकते हैं।

### महापौर ने की पीएम आवास और जनकार्य विभाग की समीक्षा

**इंदौर।** सतपुड़ा परिसर में अधूरे निर्माण कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करते हुए पात्र हितग्राहियों को जल्द पजेशन दें। इसके साथ ही अरावली परिसर में बने 1 बीएचके आवासों के बचे हुए कामों को भी तेज गति से पूरा करने की बात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अधिकारियों से कही। सोमवार को उन्होंने पीएम आवास योजना और जनकार्य विभाग में चल रहे विकास कामों को लेकर अधिकारियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत संचालित सभी परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति की डिटेल जानकारी ली। कुल स्वीकृत परियोजनाओं, निमार्णाधीन व पूर्ण परियोजनाओं, निर्मित और आवंटित फ्लैटों की संख्या, लंबित कामों और परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही प्रमुख समस्याओं की समीक्षा की। महापौर भार्गव ने योजना के अंतर्गत निर्मित आवास इकाइयों की स्थिति का प्रेजेंटेशन देखते हुए कुल स्वीकृत फ्लैट, निर्मित फ्लैट, निमार्णाधीन फ्लैट, आवंटित फ्लैट, रजिस्ट्री की प्रगति, रिक्त आवासों की संख्या, प्रतीक्षा सूची की स्थिति एवं निरस्त प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का ओर मौके पर रहे शेष कामों का जल्द निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध रूप से लाभान्वित किया जाए।

### इंदौर के बुरानाखेड़ी में किसान के घर चोरी

**इंदौर।** ग्राम बुरानाखेड़ी में चोरों ने एक किसान के घर से गेहूं की पेटी में छिपाकर रखे सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार घर से बाहर डबल चौकी गया था। खुडैल थाना पुलिस के मुताबिक- 35 वर्षीय अर्जुन चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई है कि 18 जून को वह घर से बाहर डबल चौकी गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश उनके घर में घुस गए और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जब अर्जुन वापस घर पहुंचे तो देखा कि गेहूं रखने वाली पेटी का ताला टूटा था। वहीं, घर का सामान भी बिखरा हुआ मिला। पेटी में रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। फरियादी के मुताबिक, चोर पुराना सोने का हार, झुमके, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की चार जोड़ी पायजेब समेत अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए जेवरों की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि फरियादी द्वारा आभूषणों के बिल और मूल्य संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने के बाद नुकसान की सटीक राशि निर्धारित की जाएगी।

### लोन दिलाने के नाम पर महिला से 1.43 लाख की ठगी

**इंदौर।** तेजाजीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ लोन स्वीकृत कराने के नाम पर 1.43 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को लोन दिलाने में विशेषज्ञ बताते हुए पहले प्रोसेसिंग और अन्य शुल्क के नाम पर ऑनलाइन रकम जमा करवाई और बाद में संपर्क कम कर दिया। तेजाजीनगर पुलिस के अनुसार, शिवधाम कॉलोनी निवासी मीना राठौर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह गृहिणी हैं, जबकि उनके पति गणेश राठौर लॉज और होटल का व्यवसाय करते हैं। उनके होटल पर संतोष वर्मा नामक व्यक्ति करीब डेढ़ साल पहले खाना खाने आता था। वह कई बार लॉज में भी रुका। बातचीत के दौरान उसने बताया कि वह पहले भी कई लोगों को लोन दिलवा चुका है और चोखी धानी के एक शेफ का भी लोन स्वीकृत करा चुका है। आरोपी ने मीना राठौर को भरोसा दिलाया कि वह उनके लिए भी आसानी से लोन स्वीकृत करवा सकता है।

---

काफिर हैं तो हमारी बनाई सड़क पर मत चलो, लाड़ली बहना का पैसा भी मत लो

# कैलाश विजयवर्गीय के तीखे बयानों से गरमाई मध्य प्रदेश की सियासत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश की सियासत में एक बार फिर ध्रुवीकरण और तीखी बयानबाजी का दौर उबाल पर है। प्रदेश सरकार में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में एक ऐसा बयान दे दिया है, जिसने सियासी हलकों में नई बहस छेड़ दी है। हमेशा अपने बेबाक और कई बार आक्रामक बयानों के लिए पहचाने जाने वाले विजयवर्गीय ने इस बार 'काफिर' शब्द को मुद्दा बनाकर एक तीखा तंज कसा है। उनका स्पष्ट कहना है कि यदि कुछ लोग उन्हें काफिर मानते हैं, तो उन्हें उनके द्वारा बनाए गए बुनियादी ढांचों और सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं लेना चाहिए।



### योजना का लाभ उठाने का भी कोई हक नहीं

- मंत्री का यह आक्रामक रुख केवल सड़क निर्माण तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने राज्य सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी और गेम-चेंजर मानी जाने वाली 'लाड़ली बहना योजना' को भी इस विवाद में शामिल कर लिया। विजयवर्गीय ने उसी मंच से ऐलानिया लहजे में कहा कि जो लोग उन्हें काफिर मानते हैं, उन्हें इस योजना का लाभ उठाने का भी कोई हक नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर हम काफिर हैं और आपके घर में इस योजना का पैसा आ रहा है, तो उसे मत लो। यह टिप्पणी सीधे तौर पर सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के एक वर्ग पर राजनीतिक प्रहार के रूप में देखी जा रही है। राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा तेज हो गई है कि क्या अब सरकारी योजनाओं का लाभ भी राजनीतिक या धार्मिक टिप्पणियों की कसौटी पर तौला जाएगा।
- इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प पहलू यह रहा कि एक तरफ जहां विजयवर्गीय काफिर शब्द को लेकर इतना कड़ा और विभाजनकारी प्रहार कर रहे थे, वहीं अपने उसी भाषण के दौरान उन्होंने अपनी सरकार के भेदभाव रहित होने का दावा भी पेश किया। उन्होंने भाजपा के मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और सरकार ने कभी किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चाहे कोई उन्हें वोट दे या न दे, उनका काम हर वर्ग की सेवा करना है। हालांकि, उनके इस बचाव और 'सड़क पर मत चलो' वाले तीखे हमले के बीच का विरोधाभास किसी से छिपा नहीं रहा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विजयवर्गीय का यह बयान महज एक तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि यह अपने कोर वोटर बेस को साधने और एक सख्त प्रशासक की छवि पेश करने की सोची-समझी सियासी कवायद है। फिलहाल, इस बयान ने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही एक नया राजनीतिक हथियार थमा दिया है और आने वाले दिनों में इस पर सियासी बयानबाजी और तेज होने के पूरे आसार हैं।

यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जब राज्य में पक्ष और विपक्ष के बीच हर छोटे-बड़े मुद्दे पर राजनीतिक रस्साकशी जारी है। यह टिप्पणी केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने सोशल मीडिया पर एक बड़े सियासी तूफान का रूप ले लिया है।

यह पूरा विवाद इंदौर में आयोजित एक सड़क निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम से शुरू हुआ। मंच से जनता को संबोधित करते हुए मंत्री महोदय ने उस क्षेत्र की जनसांख्यिकी का जिक्र किया जहां यह विकास कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिस जगह सड़क बन रही है, वहां हिंदू और मुसलमान, दोनों ही समुदायों की बसाहट है। इसी दौरान उनके भाषण के तेवर अचानक तल्ख हो गए। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में वे साफ तौर पर कहते नजर आ रहे हैं कि कुछ लोग उन्हें 'काफिर' कहकर संबोधित करते हैं। इस पर गहरी आपत्ति जताते हुए उन्होंने सीधे शब्दों में चेतावनी दे डाली कि अगर हम काफिर हैं और यह सड़क हमने बनाई है, तो आप इस पर मत चलिए। उनका यह बयान सीधे तौर पर उन लोगों पर एक कड़ा प्रहार था, जो धार्मिक आधार पर इस तरह की शब्दावली का प्रयोग करते हैं।

# शिशुकुंज स्कूल की किचन सील, केस दर्ज

## लंच के बाद 100 से ज्यादा बच्चों के बीमार होने का आरोप, एक्सपायर्ड मसाले-नमकीन मिले

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के शिशुकुंज स्कूल पर सोमवार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने छापा मारा। जांच के दौरान किचन में 10 पैकेट ऐसे मसालों के मिले, जिनकी एक्सपायरी डेट गुजर चुकी है। नमकीन के दो एक्सपायर्ड पैकेट भी पाए गए। अधिकारियों ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए किचन को सील कर दिया। आगे की कार्रवाई के लिए स्कूल के खिलाफ प्रकरण भी दर्ज किया गया है।

मामला स्कूल में लंच के बाद 100 से ज्यादा बच्चों की तबीयत खराब होने से जुड़ा है। आरोप है कि इंदौर के झलारिया स्थित इस बोर्डिंग स्कूल में शनिवार को लंच के बाद बच्चों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। इनमें से अधिकांश बच्चे चौथी क्लास के हैं।

इसके बाद कुछ परिजन स्कूल पहुंचे। यहां हंगामा किया। इसका एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। हालांकि, इसके घटना से जुड़े होने की पुष्टि नहीं हो पाई है। बताया गया है कि पैरेंट्स ने कलेक्टर शिवम वर्मा को भी शिकायत



भेजी थी। इसमें कहा था कि स्कूल में परोसे जा रहे भोजन के कारण बच्चों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर वर्मा के निर्देश पर ही प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम यहां पहुंची थी।

**23 नमूने जांच के लिए भेजे-** स्कूल में छापा मारने वाली टीम में कनाड़िया एसडीएम दीपक चौहान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी, फूड सेफ्टी अधिकारी वैशाली सिंह, फूड सेफ्टी अधिकारी पुष्पक कुमार द्विवेदी, सीनियर फूड इंस्पेक्टर मनीष स्वामी, तहसीलदार नारायणा नांदेडा शामिल थे। टीम ने खाद्य सामग्री के स्टोरेज, साफ-सफाई, खाना बनाने के बर्तन और प्रक्रिया की जांच की।

इस दौरान कुल 23 नमूने लिए गए। इनमें पनीर, आइसक्रीम, मसाले, शरबत, राजमा, तेल, नमकीन, दालें, दूध, तैयार भोजन, रोटी और पीने का पानी शामिल हैं। सभी सैंपल को टेस्ट के लिए लैब भेजा गया है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें स्कूल में खड़े कुछ लोग हंगामा करते दिखे। वे कह रहे हैं कि यहां पर स्टाफ के दो से तीन लोग हैं जबकि इतने सारे पेरेंट्स हैं। आप स्थिति को तो समझिए। यहां पेरेंट्स परेशान हो रहे हैं, इतने सारे पेरेंट्स खड़े हैं। हालांकि, ये वीडियो कब का है, ये साफ नहीं हो पाया है।

### मैनेजमेंट ने कहा- आरोपों का प्रूफ भी देना चाहिए

शिशुकुंज की को-ऑर्डिनेटर रिचा तिवारी ने कहा- स्कूल में पूरी क्वालिटी मेंटेन की जाती है। यहां किचन भी ओपन है। आरओ का पानी ही इस्तेमाल किया जाता है। कभी भी कोई भी पैरेंट्स चेक कर सकता है। स्कूल में सभी जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं।
उन्होंने कहा कि कुछ पैरेंट्स का ई-मेल जरूर आया है। कोई आरोप लगाता है तो प्रूफ भी देना चाहिए। यहां तीन हजार बच्चों को मिलाकर 3800 से ज्यादा लोग हैं, सभी इसी किचन का खाना खाते हैं। अगर खाने से कोई बीमार होता तो केस कुछ ही घंटों में सामने आ जाते।

# चिंटू चौकसे को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पद से हटाया

## सोमिला मिमरोट को बनाया नेता प्रतिपक्ष, चिंटू शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद पर ही रहेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने इंदौर में बड़ा फेरबदल कर दिया। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे को पद से हटा दिया गया। चिंटू की जगह पार्षद सोनिला मिमरोट को नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं चिंटू अब सिर्फ शहर कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर ही रहेंगे।

चिंटू को पद से हटाने के आदेश पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी ने सोमवार को जारी किए। चिंटू चौकसे शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। दो पदों की जिम्मेदारी उन पर थी।

कांग्रेस पार्षद सोनिला मिमरोट वार्ड 45 से कांग्रेस की पार्षद हैं। शहर में होने वाले कई विरोध प्रदर्शन में वह शामिल होती आई हैं और निगम बजट में भी अपनी बात मजबूती से रखती आई हैं।

उन्होंने बताया कि बड़ी जिम्मेदारी मिली है। चिंटू चौकसे ने अपनी जिम्मेदारी बांटी है हमारे साथ। वर्तमान समय में विपक्ष की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि इंदौर की समस्याओं को बेहतर तरीके से सरकार के सामने रख सकें और समस्याओं का हल करा सकें ये बड़ा चैलेंज है।

बता दें कि चिंटू चौकसे पिछले काफी समय से नगर निगम नेताप्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। सोमवार रात को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा लेटर जारी किया गया। जिसमें प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के बाद नगर पालिका निगम इंदौर में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे के स्थान पर सोनिला मिमरोट को नगर पालिक निगम इंदौर में नेताप्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है।

# इंदौर में उप नगरीय बस के ब्रेक हुए फेल

## पोल में घुसी, दो बच्चों सहित 8 लोग हुए घायल, मौके से भाग निकला ड्राइवर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के नवलखा इलाके में सोमवार शाम एक निजी ट्रेवल्स की उपनगरीय बस एक पोल में जा घुसी। बताया जाता है कि बस के ब्रेक फेल होने के चलते उसे रोकने के लिए ड्राइवर ने इसे पोल से टकरा दिया। इस हादसे में दो बच्चों सहित करीब आठ लोग घायल हो गए। सभी का एमवाय अस्पताल में उपचार कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पुलिस इस मामले में ड्राइवर की तलाश कर रही है, जबकि क्लीनर को हिरासत में लिया गया है।

संयोगितागंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना नवलखा क्षेत्र की है। यहां रूबी ट्रेवल्स की उपनगरीय बस अचानक एक पोल में जा घुसी। बताया जाता है कि बस इंदौर और पीथमपुर के बीच संचालित होती है।

बस में कई यात्री सवार थे। हादसे के बाद बस में बैठे यात्री घबरा गए और शोर मचाने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने मदद कर यात्रियों को बस



से बाहर निकाला। इस हादसे में 8 वर्षीय माही और 5 वर्षीय लोकेश सहित करीब आठ लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, संभवतः बस के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। मामले में क्लीनर मुकेश को हिरासत में लिया गया है, जबकि ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

देवास नाका फ्लाईओवर की राह हुई साफ

# हाई कोर्ट प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्रवाई

### प्रशासन ने हटाए बाधक अतिक्रमण

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के देवास नाका फ्लाईओवर निर्माण कार्य में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को सोमवार को जिला प्रशासन, नगर निगम और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की संयुक्त कार्रवाई में हटा दिया गया। कार्रवाई के बाद अब फ्लाईओवर और सर्विस रोड निर्माण कार्य को गति मिलने की उम्मीद है।

एमपीआरडीसी द्वारा देवास नाका चौराहे पर छह लेन फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा



रहा है। प्रोजेक्ट के तहत देवास नाका से मांगलिया की ओर बाई तरफ स्थित करीब 30 से 35 दुकानों के अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था। इसके चलते फ्लाईओवर और सर्विस रोड के निर्माण में लगातार बाधा आ रही थी।

**हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद हुई कार्रवाई-** अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले संबंधित दुकानदारों ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। कोर्ट के निर्देशानुसार जिला प्रशासन को दुकानदारों की आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार निर्णय लेना था।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी आपत्तियों का परीक्षण कर उनका निराकरण किया। इसके बाद अधिकांश दुकानदारों ने स्वयं अपने अतिक्रमण हटा लिए। शेष अतिक्रमणों को सोमवार को प्रशासनिक अमले ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हटाया।

**यातायात को मिलेगी राहत-** अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटने के बाद अब फ्लाईओवर और सर्विस रोड निर्माण कार्य में तेजी आएगी। परियोजना के पूर्ण होने पर देवास नाका क्षेत्र में यातायात दबाव कम होगा और शहर में आवागमन अधिक सुगम एवं सुरक्षित हो सकेगा।

8 हजार लाइक्स, कई मैसेज मिलने से बढ़ा उत्साह, कोटा साइबर ने रुपए भेजकर किया ट्रैप

# फेमस होने लॉ स्टूडेंट ने बेचे फर्जी नीट पेपर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

फर्जी नीट प्रश्न पत्र बेचने वाले इंदौर के लॉ स्टूडेंट अक्षय मालवीय ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। उसने बताया कि एक प्रश्न पत्र की स्टोरी पोस्ट करने पर उसे करीब 8 हजार लाइक मिले थे। सैकड़ों मैसेज भी आने लगे। वह फेमस होना चाहता था, इसलिए उसका लाइक और मैसेज आने से उत्साह बढ़ गया। अक्षय ने यह भी दावा है कि उसने सभी प्रश्न पत्र चैट जीपीटी और एआई आधारित अन्य एप्लीकेशन की मदद से तैयार किए थे।

दूसरी ओर, इन्हीं पोस्ट के जरिए कोटा साइबर सेल को उसके अकाउंट की जानकारी मिली थी। तुरंत कोटा साइबर सेल ने अक्षय से चैटिंग शुरू कर दी। भरोसा जीतने के लिए उसके यूपीआई अकाउंट में रुपए भी भिजवाए गए। इस



दौरान साइबर सेल की एक टीम उसकी पूरी जानकारी जुटाने में लगी रही। जैसे ही लोकेशन और अन्य बातें कंफर्म हुई, इंदौर पुलिस को सूचना दे दी गई।

इधर, जब वह फर्जी नीट पेपर वायरल कर रहा था, तभी उसे दो बार इंस्टाग्राम पर अलर्ट किया गया। वह नहीं माना तो आखिरकार उसका अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया। इंदौर क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने अक्षय को 20 जून को नीट परीक्षा का फर्जी पेपर बेचने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसने इंस्टाग्राम पर फर्जी लिंक शेयर कर 30-35 छात्रों से रुपए लिए थे।

**इंस्टाग्राम बंद होने से नहीं मिली पूरी जानकारी-** अक्षय का इंस्टाग्राम अकाउंट दो बार अलर्ट मिलने के बाद बंद कर दिया गया था। इस कारण क्राइम ब्रांच की साइबर टीम यह पता नहीं लगा सकी कि वह किस तरह के प्रश्न पत्र पोस्ट कर रहा था।

अक्षय ने बताया कि शुरूआत में उसने बिना नीट लिखे प्रश्न पत्र पोस्ट किए थे, जो ज्यादा वायरल नहीं हुए। बाद में जब नीट परीक्षा दोबारा होने की चर्चाएं शुरू हुईं तो उसने नीट लिखकर प्रश्न पत्र पोस्ट करना शुरू कर दिया।

### दो बार इंस्टाग्राम से मिला अलर्ट

इंदौर के लसूड़िया निवासी अक्षय पिता मदन मोहन मालवीश इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में प्रथम वर्ष का छात्र है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी की टीम ने अक्षय को उसके घर से हिरासत में लेकर पूछताछ की है। क्राइम ब्रांच के टीआई नीरज मेढ़ा और उनकी टीम जब उसके घर पहुंची तो परिवार को नीट परीक्षा से जुड़े कोटा पुलिस के ईमेल की जानकारी दी गई। इसके बाद अक्षय को रीगल स्थित कंट्रोल रूम लाया गया। यहां उसके माता-पिता और अन्य परिजन भी पहुंचे। दिनभर उससे पूछताछ होती रही। परिवार को बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारी मामले में संज्ञान लेंगे। इसके बाद देर रात कार्रवाई की गई।

# अब अनुकंपा नियुक्ति के मामले फाइलों में नहीं अटकेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर नगर निगम में अब अनुकंपा नियुक्ति के मामले फाइलों में नहीं अटकेंगे। इन मामलों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने तीन अनुकंपा नियुक्ति के लेटर संबंधितों को दिए।

इसमें सुमित पिता सुरेश चौहान को सहायक ग्रेड 3 पद राजस्व विभाग, हिमांशी पिता राजेश सारदिया को सहायक ग्रेड 3 पद राजस्व विभाग और अंजू पिता दिलीप हरीवंशी को उप स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद स्वास्थ्य विभाग है।

नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि नगर निगम परिषद के वर्तमान



कार्यकाल में अब तक 60 से ज्यादा अनुकंपा नियुक्ति आदेश दिए जा चुके हैं। निगम प्रशासन द्वारा निगम अधिकारी और कर्मचारियों की सेवा अवधि के दौरान आकस्मिक मृत्यु होने की स्थिति में शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप पात्रता अनुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए जल्द अनुकंपा नियुक्ति का निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान अपर आयुक्त मनोज पाठक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राम मंदिर चंदा विवादः ओंकारेश्वर समेत एमपी के मंदिरों की व्यवस्था होगी पारदर्शी, बड़े मंदिरों का होगा अध्ययन

### राम मंदिर विवाद के बाद मध्यप्रदेश के मंदिरों में बढ़ेगी पारदर्शिता

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

देशभर में सनातन धर्म की आस्था के एक बड़े प्रतीक के रूप में स्थापित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में इन दिनों चंदे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इसी बीच इस मुद्दे पर मध्य प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि मध्यप्रदेश के मंदिरों की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाएगा। अन्य राज्यों के बड़े मंदिरों की व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी। उसके बाद यहां की व्यवस्थाएं बदली जाएगी।





मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री लोधी ने माना कि इस विवाद के बाद मंदिरों में पारदर्शी व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनकी मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार देश के प्रमुख और सुव्यवस्थित मंदिरों के मॉडल का अध्ययन कर मध्य प्रदेश में भी बेहतर व्यवस्थाएं लागू की जाएंगी।

मंत्री ने बताया कि इसके लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी, जो देश के प्रमुख मंदिरों की व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगी। अध्ययन के आधार पर प्रदेश के मंदिरों में प्रशासनिक, वित्तीय और प्रबंधन संबंधी सुधार लागू किए जाएंगे। खंडवा जिले की तीर्थनगरी ओंकारेश्वर स्थित ज्योतिर्लिंग मंदिर में भी दान और प्रबंधन व्यवस्था को लेकर समय-समय पर उठने वाले सवालों के बीच मंत्री ने संकेत दिए कि यहां भी नई व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि देश के सफल मंदिर मॉडलों का अध्ययन कर उन्हें ओंकारेश्वर सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख मंदिरों में लागू किया जाए।

प्रदेश के धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। इन्होंने ही राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा दिया था। एक समय यही लोग रामसेतु को तोड़ने के लिए नोटिफिकेशन लेकर आए थे और इन्होंने ही कहा था कि भगवान राम काल्पनिक हैं। ऐसे लोगों की बातों पर उन्हें हंसी आती है।

समाजवादी पार्टी द्वारा चंदा मामले की जांच की मांग और किए जा रहे विरोध पर मंत्री लोधी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का हिंदू धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए इस मुद्दे को उछाल रहा है।

#### जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

उल्लेखनीय है कि अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में चंदा प्रबंधन को लेकर उठे विवाद पर समाजवादी पार्टी सहित कई विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं और जांच की मांग कर रहे हैं। मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी की रिपोर्ट पर भी सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# मप्र सरकार फिर लेगी 2800 करोड़ का कर्ज, 8 और 22 साल के बॉन्ड जारी कर जुटाएगी राशि

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार एक बार फिर बाजार से 2800 करोड़ रुपए का कर्ज लेने जा रही है। इसके लिए वित्त विभाग ने मंगलवार को राज्य विकास ऋण  के जरिए दो चरणों में बॉन्ड जारी करने की अधिसूचना जारी की है। यह राशि 1600 करोड़ और 1200 करोड़ रुपए के रूप में जुटाई जाएगी। इस नए कर्ज के बाद चालू वित्त वर्ष में राज्य सरकार द्वारा लिया गया कुल कर्ज 13,800 करोड़ रुपए पहुंच जाएगा। वहीं प्रदेश पर कुल कर्ज बढ़कर करीब 5 लाख 2 हजार करोड़ रुपए हो जाएगा।

वित्त विभाग के अनुसार सरकार 7.64 % ब्याज दर वाले मध्यप्रदेश एसजीएस-2034 के री-इश्यू के जरिए 1600 करोड़ रुपए जुटाएगी। इस



ऋण की अवधि 8 साल होगी। इसके ब्याज का भुगतान हर साल 29 अप्रैल और 29 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके अलावा 7.83 % ब्याज दर वाले मध्यप्रदेश एसजीएस-2048 के जरिए 1200 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। इस ऋण की अवधि 22 साल होगी।

दोनों बॉन्ड की नीलामी भारतीय रिजर्व बैंक (पइक) द्वारा ई-कुबेर प्रणाली के माध्यम से कराई जाएगी। राज्य सरकार का कहना है कि बॉन्ड से जुटाई जाने वाली राशि का उपयोग प्रदेश में विकास कार्यों और अधोसंरचना परियोजनाओं पर किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार से आवश्यक अनुमति भी मिल चुकी है। विशेषज्ञों के अनुसार यह राशि सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं, बिजली व्यवस्था, जल संसाधन विकास, संचार सुविधाओं और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं में खर्च की जा सकती है। वित्तीय दस्तावेजों के अनुसार 31 मार्च 2026 तक मध्यप्रदेश पर कुल 4.88 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज था। सरकार का दावा है कि ऋण की राशि का उपयोग सिंचाई, ऊर्जा, सहकारी संस्थाओं और अन्य पूंजीगत विकास कार्यों में किया गया है।

### आधे घंटे में कुत्ते ने चार लोगों को नोंचा,

## 6 साल के बच्चे के हाथ में एक सेंटीमीटर का घाव, खेल रहे थे बच्चे

ब्रह्मास्त्र ›› देवास

देवास के इटावा और अर्जुन नगर क्षेत्रों में सोमवार शाम एक कुत्ते ने चार लोगों पर हमला कर दिया। इन हमलों में तीन बच्चे और एक महिला घायल हुए। महज आधे घंटे के भीतर हुई इस घटना में एक 6 वर्षीय बालक का हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके हाथ में करीब एक सेंटीमीटर गहरा घाव हो गया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया।

इटावा क्षेत्र में गार्डन के पास अपने घर के बाहर खेल रहे 6 वर्षीय नासिर शेख पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। परिजनों और आसपास के लोगों के पहुंचने से पहले ही कुत्ते ने उसके हाथ को बुरी तरह नोच लिया था। हमले में नासिर के हाथ में गहरा घाव हो गया और काफी रक्तस्राव हुआ। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया।

इसके बाद कुत्ता अर्जुन नगर पहुंचा, जहां उसने 3 वर्षीय क्रियांश पर हमला किया। कुछ ही देर बाद उसने 2 वर्षीय प्रणेता को भी निशाना बनाया। प्रणेता की चीख सुनकर उसे बचाने दौड़ी उसकी मौसी काजल पर भी कुत्ते ने हमला कर दिया और उन्हें काट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इन लगातार हमलों से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बच्चों और महिला का उपचार किया गया।

# एमपी के 30 जिलों में बारिश का अलर्ट, 4 में हीटवेव की चेतावनी

### प्रदेश में सामान्य से 52% कम पानी गिरा, 48 जिले पिछड़े



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मानसून के लेट होने से मध्य प्रदेश में जून महीना सूखा बीत रहा है। 1 जून से अब तक औसत 70.9 मिमी (2.8 इंच) बारिश होनी थी, लेकिन 34.3 मिमी (1.3 इंच) पानी ही गिरा, जो सामान्य से 52% कम है। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत 48 जिलों में सामान्य से कम बरसात हुई है।

कम बारिश की वजह से सोयाबीन समेत खरीफ की बोवनी पिछड़ रही है। कृषि वैज्ञानिकों की सलाह है कि 4 इंच बारिश होने के बाद ही बोवनी के लिए मिट्?टी अनुकूल होती है, जबकि आंकड़े बताते हैं कि 4 इंच से ज्यादा बारिश वाले जिलों में सिर्फ भोपाल शामिल है। यहां सामान्य से 53% ज्यादा यानी, 4.6 इंच बारिश हो चुकी है।

प्रदेश में मानसून के एंटर होने की सामान्य तारीख 15 जून है, जिसे 8 दिन ज्यादा बीत चुके हैं। फिलहाल अगले 2 से 3 दिन में मानसून के आने का अनुमान जताया जा रहा है। मानसून के जल्दी आने से तेज बारिश का दौर चलता है। जिससे आंकड़ा बढ़ जाता है। हालांकि, जून के पूरे महीने ही प्री-मानसून का दौर चल रहा है। बावजूद पूर्वी हिस्से यानी, जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में औसत से 71% कम बारिश हुई है। वहीं, पश्चिमी हिस्सा यानी, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल में औसत से 33 प्रतिशत कम पानी गिरा है।

#### धार में 2 इंच, भोपाल में पौन इंच बारिश, 17 जिलों में पानी गिरा

इससे पहले सोमवार को प्रदेश में प्री-मानसूनी एक्टिविटी देखने को मिली। धार में करीब 2 इंच पानी गिर गया। वहीं, भोपाल में पौन इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। इंदौर, खंडवा, रायसेन, राजगढ़, उज्जैन, छिंदवाड़ा, जबलपुर, खजुराहो, सागर, सतना, सिवनी, बड़वानी, शाजापुर, सीहोर समेत कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर बना रहा। मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां पर अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री दर्ज किया गया। धार में 32.9 डिग्री, सिवनी में 34.2 डिग्री, रायसेन में 35.4 डिग्री, शाजापुर में 35.7 डिग्री रहा। दतिया में सबसे ज्यादा 42.2 डिग्री दर्ज किया गया। सीधी, खजुराहो, टीकमगढ़ नौगांव और नरसिंहपुर में 40 डिग्री या इससे ज्यादा रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में 34.7 डिग्री, उज्जैन में 35 डिग्री, भोपाल में 35.2 डिग्री, जबलपुर में 36 डिग्री और ग्वालियर में 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

.कम बारिश वाले जिले- अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा,

# मयंक हत्याकांड के आरोपियों ने तिरुपति, मथुरा-वृंदावन में लंगर खाया

### 7 राज्यों में फरारी काटी; 32 मददगार जेल गए, गर्लफ्रेंड्स के कॉल ने पहुंचाया जेल

ब्रह्मास्त्र ›› सागर

सागर में मयंक साहू हत्याकांड के मुख्य आरोपी यश सोनी और मनु सोनी की गिरफ्तारी के बाद उनकी एक महीने की फरारी से जुड़े कई खुलासे हुए हैं। हत्या के बाद दोनों आरोपी साथी ओम अहिरवार के साथ 7 राज्यों में घूमते रहे।

तिरुपति बालाजी और मथुरा-वृंदावन में लंगर का सहारा लेकर गुजारा किया। पैसे खत्म होने पर आरोपियों ने लूट की वारदातें कीं। पुलिस ने उनके 32 मददगारों को जेल भेजकर सप्लाई लाइन तोड़ी और गर्लफ्रेंडों के मोबाइल नंबरों के जरिए उनकी लोकेशन तक पहुंची। एक महीने तक पुलिस को चकमा देने वाले दोनों आरोपी सागर लौटते ही गिरफ्तार हो गए, जबकि तीसरा आरोपी ओम अहिरवार अब भी फरार है। पुलिस जांच और आरोपियों से पूछताछ में फरारी के दौरान की गई गतिविधियों की अहम जानकारी सामने आई है।

#### दोस्ती टूटी, फिर दुश्मनी ने ली जान

21 मई की रात मोतीनगर थाना क्षेत्र के विवेकानंद वार्ड स्थित गोंड बब्बा चबूतरा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते मयंक साहू और उसके भाई ओम साहू का यश सोनी और उसके साथियों से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपियों ने अवैध हथियार से फायरिंग की। गोली लगने से मयंक साहू की मौत हो गई।

पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात में कुल आठ आरोपी शामिल थे। शुरूआती कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, लेकिन मुख्य आरोपी यश सोनी, मनु सोनी और ओम अहिरवार फरार हो गए थे। मृतक मयंक साहू और आरोपी यश-मनु कभी करीबी दोस्त थे। तीनों साथ रहते थे और इलाके में दबदबा बनाने की कोशिश करते थे। कुछ साल पहले एक युवती को लेकर विवाद हुआ और उनके रास्ते अलग हो गए।




#### तिरुपति से मथुरा तक लंगर के सहारे काटी फरारी

हत्या के बाद तीनों आरोपी मध्यप्रदेश से बाहर निकल गए। जांच में सामने आया कि फरारी के दौरान वे दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश और मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में घूमते रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के पास शुरूआत में कुछ नकदी थी, लेकिन लगातार ठिकाने बदलने से पैसा तेजी से खत्म हो गया। इसके बाद वे आंध्रप्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी पहुंचे, जहां कई दिन रुके। यहां उन्होंने लंगर में भोजन कर खर्च बचाया। तिरुपति के बाद आरोपी मथुरा-वृंदावन पहुंचे। वहां भी उन्होंने धार्मिक स्थलों पर मिलने वाले भोजन का सहारा लिया। जांच में सामने आया कि फरारी के दौरान वे इंदौर, पीथमपुर, अशोकनगर और कटनी में भी रुके थे। फरारी के दौरान आरोपियों के सामने सबसे बड़ी समस्या पैसों की थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, खर्च चलाने के लिए उन्होंने दोबारा अपराध का रास्ता चुना। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अशोकनगर में लूट की वारदात की। इसके अलावा आष्टा और पीथमपुर क्षेत्रों में भी आपराधिक घटनाओं में उनकी संलिप्तता सामने आई।

# भोपाल एयरपोर्ट के टैक्सी चालकों की हड़ताल स्थगित

### वीवीआईपी मूवमेंट का हवाला देकर प्रशासन ने नहीं दी अनुमति; 34 फ्लाइट्स से रोज पहुंचते हैं 4500 यात्री

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल एयरपोर्ट के ऑनलाइन टैक्सी चालकों की 23, 24 और 25 जून को प्रस्तावित हड़ताल स्थगित कर दी गई है। टैक्सी चालकों ने एग्रीगेटर कंपनियों के खिलाफ हड़ताल का ऐलान किया था। उनका दावा था कि किसी भी ऑनलाइन बुकिंग को स्वीकार नहीं करेंगे।

हालांकि, सोमवार रात भोपाल टैक्सी चालक संघ (भारतीय मजदूर संघ सम्बद्ध) ने बताया कि धरना-प्रदर्शन की अनुमति रद्द कर दी गई है। संगठन का कहना है कि 23, 24 और 25 जून को एयरपोर्ट गांधी नगर क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए अनुमति मांगी गई थी,



लेकिन प्रशासन और गांधी नगर थाना ने वीवीआईपी मूवमेंट का हवाला देकर इसे निरस्त कर दिया। संघ ने इसे गरीब ड्राइवरों की आवाज दबाने की कोशिश बताते हुए कहा कि उनकी हमेशा से नीति रही है कि किसी भी आंदोलन को नियमों के तहत और अनुमति लेकर ही किया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं फैलाना चाहता, बल्कि अपने हक की लड़ाई संवैधानिक तरीके से लड़ रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि वह जल्द ही दोबारा अनुमति लेकर एग्रीगेटर कंपनियों के विरोध में और उग्र आंदोलन करेगा।

#### पहले भी दिया जा चुका है ज्ञापन, अब आंदोलन

संघ के महामंत्री राजेश कुमार नागले ने बताया कि इससे पहले 7 फरवरी और 12 जून को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर सांकेतिक धरना देकर शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यह कदम ड्राइवरों की आजीविका बचाने के लिए जरूरी हो गया है।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगें नहीं मानी गईं तो शहर में टैक्सी और ऑटो सेवाएं पूरी तरह ठप कर दी जाएंगी, जिससे आमजन को और अधिक परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## भोपाल के वेस्टर्न बायपास को साधिकार समिति की मंजूरी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

भोपाल वेस्टर्न बायपास को राज्य स्तरीय साधिकार समिति की मंजूरी मिल गई है। मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में हुई एसएलईसी की मीटिंग में वेस्टर्न बायपास को मंजूरी दी गई। अब यह कैबिनेट की मंजूरी के लिए जाएगा। इस फोरलेन बायपास की लंबाई 41 किमी प्रस्तावित थी। अब इसे 35.61 किमी कर दिया गया है। यह नया मार्ग भोपाल-नर्मदापुरम रोड पर मंडीदीप के पास से शुरू होगा और कोलार, रातीबड़ होते हुए इंदौर मार्ग पर फंदा कला के पास जाकर जुड़ेगा। इस बायपास के बनने से जबलपुर और नर्मदापुरम की ओर से आने वाला ट्रैफिक शहर के भीतर प्रवेश किए बिना सीधे इंदौर रोड की तरफ निकल जाएगा, जिससे वाहन चालकों का करीब 1 घंटा समय और 23 किमी की दूरी बचेगी। करीब 2900 करोड़ रुपए लागत आएगी। जानकारी के अनुसार, प्रोजेक्ट को दस लेन के हिसाब से बनाया जा रहा है। इसमें से सिक्स लेन के स्ट्रक्चर पर फोर-लेन बनेगा। साथ ही इसके दोनों तरफ 2-लेन की सर्विस रोड भी बनेगी।

## खबर एक नजर...

### 30 साल छोटी भतीजी को ले भागा फूफाः खंडवा में दोनों ने जहर खाया

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

खंडवा में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को फूफा घर से भगाकर ले गया। परिवार को जानकारी मिली तो उन्होंने फूफा से संपर्क कर बेटी को लेकर घर बुलाया। घर आते वक्त रास्ते में दोनों ने जहर खा लिया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान नाबालिग ने दम तोड़ दिया। वहीं फूफा की हालत गंभीर है। इधर, पोस्टमॉर्टम के दौरान मृतक की मृतक की मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र था। इससे स्पष्ट हुआ कि 45 वर्षीय फूफा ने नाबालिग से शादी कर ली थी। दोनों की उम्र में फासले का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि फूफा के बच्चों की भी शादी हो चुकी है। शुरूआती जांच में सामने आया कि 19 जून भतीजी को भगा कर फूफा गांव ले गया। 20 जून को उसकी ससुराल वालों से चर्चा हुई। फूफा को लग रहा था कि लड़की बालिग है और करीब 20 साल की है। बाद में ससुराल वालों ने बताया कि बेटी नाबालिग है। उसकी उम्र महज 15 साल 8 महीने है। इससे फूफा डर गया।

### हवा-आंधी से मुड़ा रेल लाइन का बिजली पोल खंडवा में रोकी गई ट्रेनें

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा

खंडवा में सोमवार को चली तेज हवा और आंधी के कारण रेलवे ट्रैक पर बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेनों को बिजली सप्लाई करने वाले ओएचई पोल के क्षतिग्रस्त होने से कई ट्रेनों को प्लेटफार्म और अन्य स्टेशनों पर डिटेन किया गया। ज्यादा देर ढ़ाई घंटे तक पठानकोट एक्सप्रेस खंडवा स्टेशन पर खड़ी रही। 3 घंटे तक चले मेंटेनेंस के लिए मेगा ब्लॉक लिया गया था। घटना खंडवा से मुंबई की ओर जाने वाले रूट पर खंडवा स्टेशन से महज एक किलोमीटर दूर आबना नदी के पास की हैं। जहां एक ओएचई पोल हवा-आंधी के चलते मुड़ गया। पोल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने पर रेलवे का इलेक्ट्रिसिटी और मेंटेनेंस विभाग अलर्ट हो गया।

### देवास में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट मिला

ब्रह्मास्त्र ›› देवास

देवास की महाकाल कॉलोनी में 22 वर्षीय युवक ने रविवार देर शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें युवक ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है। सुसाइड नोट में मृतक ने अपनी मां और भाई से अपील की कि उन्हें किसी भी प्रकार से परेशान न किया जाए। उसने स्पष्ट रूप से लिखा है कि इस कदम के लिए वह स्वयं जिम्मेदार है और उसकी मौत के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी न ठहराया जाए। नोट में युवक ने अपने दोस्तों के लिए भी एक विशेष संदेश छोड़ा है। मृतक की पहचान महाकाल कॉलोनी गली नंबर-2 निवासी राजा सरोज (22) पिता राम लखन सरोज के रूप में हुई है। घटना के समय घर पर उसकी दादी मौजूद थीं।

### देवास में सड़क पर अचानक गिरे बुजुर्ग, मौत

ब्रह्मास्त्र ›› देवास

देवास के अंबेडकर नगर क्षेत्र में सोमवार को एक 75 वर्षीय बुजुर्ग की अचानक मौत हो गई। वे किसी निजी कार्य से देवास आए थे और सड़क पर चलते समय अचानक गिर पड़े। मृतक की पहचान लोहाना निवासी बापू पिता अमरा (75) के रूप में हुई है। उनके परिजन भारत परमार ने बताया कि बापू किसी निजी काम से देवास आए थे। घटना की सूचना मिलने पर एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने यह भी बताया कि मृतक शराब का सेवन नहीं करते थे। जिला अस्पताल के डॉक्टर सुनील कुमार ने बताया कि बुजुर्ग के गिरने से सिर पर हल्की चोट लगी थी। प्रारंभिक जांच में उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। डॉक्टर ने स्पष्ट किया कि मौत के सटीक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### रतलाम में मौसेरे भाई ने की किसान की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

रतलाम जिले के ताल थाना क्षेत्र स्थित कोठड़ी गांव में 35 वर्षीय किसान राजेंद्रसिंह डांगी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। किसान की हत्या मासी के लड़के मौसेरे भाई ने की थी। हत्या के षड़यंत्र में आरोपी भाई की पत्नी, बेटा व छोटा भाई भी शामिल था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। खेत के मेड़ (रास्ते) व समाज से बाहर करने की रंजिश के चलते हत्या की गई। शनिवार सुबह ताल के कोठड़ी गांव में किसान राजेंद्रसिंह का शव खून से लथपथ मिला था। किसान राजेंद्रसिंह शुक्रवार रात अपने खेत पर जुताई करने गए थे। सुबह तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन तलाश करने गए। खेत पर राजेंद्र सिंह का शव मिला था। शरीर पर चोटों के निशान थे। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में हत्या का केस मानकर जांच शुरू की।



**यात्री बेहाल**

एप्प बेस्ड टैक्सी चालकों की हड़ताल के कारण नागपुर एयरपोर्ट पर एक बार फिर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला. विमान से उतरे यात्रियों को टैक्सी न मिलने से काफी देर तक वहीं अटके रहना पड़ा. बारिश के कारण भी उन्हें दिक्कत हुई.

छाया : मुकेश कुकडे

### हालिया समझौते की शर्तों का पालन नहीं करता, तो अमेरिका कड़ा रुख अपनाएगा

# 'अगर ईरान समझौते से पीछे हटा तो मैं वहीं करूंगा, जो मुझे करना होगा', ट्रंप ने दी धमकी




## पाकिस्तानी पीएम बोले- अमेरिका-ईरान वार्ता सफल

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत सकारात्मक रही। दोनों पक्ष 60 दिन के भीतर अंतिम समझौते की दिशा में आगे बढ़ने, हाई लेवल कमेटी बनाने और तकनीकी स्तर की वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए। ट्रम्प प्रशासन ने ईरानी तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के उत्पादन और बिक्री पर 21 अगस्त तक के लिए प्रतिबंधों में ढील दे दी। अमेरिका का कहना है कि यह फैसला होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही जारी रखने पर ईरानी सहमति के बाद लिया गया। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के डिप्टी सेक्रेटरी गदीर नेजामी ने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत जारी रहने के बावजूद सेना की तैयारियों में कोई कमी नहीं की गई है।

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान वॉशिंगटन के साथ हुए समझौते का पालन नहीं करता है, तो वह जो करना होगा, वह करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, ₹अगर ईरान अपने समझौते से पीछे हटता है या उसका व्यवहार ठीक नहीं रहता, तो मैं वही करूंगा जो मुझे करना होगा।₹ ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब हाल ही में स्विट्जरलैंड में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच पश्चिम एशिया में शांति कायम करने के लिए वार्ता का पहला दौर पूरा हुआ है। बीते हफ्ते ही ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम अमेरिका-ईरान समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने पर ट्रंप ने रखी क्या शर्त?



डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के जिन वित्तीय संसाधनों पर से प्रतिबंध हटाया जा रहा है, उनका इस्तेमाल केवल अमेरिका से खाद्य सामग्री खरीदने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹यह सारा पैसा खाद्य खरीद के रूप में वापस आएगा, जिसकी उन्हें बेहद जरूरत है। वहां 9.1 करोड़ लोग हैं और वे उन्हें भोजन नहीं करा पा रहे हैं। इसलिए जिन पैसों को हम मुक्त कर रहे हैं, उसका फायदा हमारे किसानों को मिलेगा।₹ अमेरिका और ईरान के बीच यह समझौता पश्चिम एशिया में तीन महीने से ज्यादा समय तक छिड़े संघर्ष के बाद हुआ है। गौरतलब है कि अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ गया था। इन हमलों के जवाब में ईरान की ओर से इस्राइल और उन खाड़ी देशों पर किए गए हमले किए गए थे, जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद थे।

पश्चिम एशिया संघर्ष का असर वैश्विक बाजारों पर भी पड़ा है और इससे दुनिया भर में कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। हालांकि, शांति समझौते पर दोनों देशों की ओर से मुहर लगने के बाद से कच्चे तेलों के दामों में गिरावट आई है। इसके बावजूद अभी भी दुनिया के कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं।

## चीन ने 10 अमेरिकी रक्षा कंपनियों को रोका निर्यात, 46 फर्मों पर लगाया खरीद प्रतिबंध

**ब्रह्मास्त्र ›› बीजिंग**

चीन ने सोमवार को अमेरिका की उस हालिया कार्रवाई के जवाब में 10 अमेरिकी सैन्य-संबंधी कंपनियों पर निर्यात संबंधी रोक लगा दी है, जिसके तहत कुछ प्रमुख चीनी टेक कंपनियों को रक्षा कॉन्ट्रैक्ट्स से बाहर रखा गया है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, चीनी कंपनियां इन 10 कंपनियों को दोहरे इस्तेमाल वाली चीजों का निर्यात नहीं करेंगी। दोहरे इस्तेमाल का अर्थ है ऐसी चीजें जिनका उपयोग सैन्य व असैन्य दोनों कामों में होता हो। उसने 46 रक्षा फर्मों पर खरीद प्रतिबंध भी लगा दिएहैं।

10 अमेरिकी कंपनियों में सैन्य ड्रोन बनाने वाली व दुर्लभ खनन से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, निर्यात पर यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए व अमेरिकी सरकार द्वारा चीनी सैन्य कंपनियों की तथाकथित सूची के गलत विस्तार के जवाब में लगाया है। चीनी वित्त मंत्रालय ने कहा, सरकारी संस्थाओं को लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन मिसाइल्स एंड डिफेंस समेत 46 अमेरिकी कंपनियों से उत्पाद खरीदी भी रोकी गईहै।

## पाकिस्तानी सेना के खिलाफ सड़कों पर उतरे स्कूली बच्चे और महिलाएं, भड़का जनाक्रोश

**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लमाबाद**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सैन्य दमन के खिलाफ जारी जनांदोलन में 10-12 साल के स्कूली बच्चे और महिलाएं भी भारी संख्या में सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारी खुलेआम आजादी के नारे लगा रहे हैं और पाकिस्तान सरकार की कड़े शब्दों में निंदा कर रहे हैं।

राजनीतिक दमन और आर्थिक तंगहाली के खिलाफ गुस्सा अब बच्चों तक पहुंच चुका है। रावलकोट के ईदगाह मैदान में पिछले 11 दिनों से 70,000 से अधिक प्रदर्शनकारियों का धरना भी जारी है। वहीं सुधनोती जिले के तरार खेल में छोटे-छोटे स्कूली बच्चों ने सार्वजनिक चौकों पर एकत्र होकर स्वतंत्रता के समर्थन में नारेबाजी की। मंधोल में सैकड़ों महिलाओं ने मार्च निकालकर पाकिस्तानी सरकार और सेना को अवैध कब्जाधारी करार दिया। रावलकोट में प्रदर्शन कर रहे बच्चों के हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर-सेना बाहर जाओ जैसे नारे लिखे थे।




आंदोलन की अगुवाई कर रही अवामी एक्शन कमेटी ने पाकिस्तानी सरकार को अपनी 38 सूत्रीय मांगों का चार्टर स्वीकार करने के लिए 23 जून तक का अल्टीमेटम दिया है। ईदगाह मैदान में हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए संगठन के नेता सरदार अमान खान ने बेहद तीखा और भावुक भाषण दिया। उन्होंने पाकिस्तानी सेना को सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने दमन जारी रखा, तो पूरे सैन्य ढांचे को पीओके से बाहर खदेड़ दिया जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मानवाधिकार उल्लंघनों और प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के विरोध में हजारों ब्रिटिश कश्मीरी लंदन में ब्रिटिश संसद के बाहर एकत्र हुए।

## चार वर्ष पूर्व दी स्टार्मर को चुनौती, संसद पहुंचे तो सत्ता से हटाया



# नया प्रधानमंत्री चुना जाना तय

**ब्रह्मास्त्र ››**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और नए पीएम की कुर्सी के संभावित दावेदार माने जा रहे एंडी बर्नहैम के बीच सियासी तकरार कोई नई नहीं है। बर्नहैम अप्रैल 2020 में लेबर पार्टी नेता बने स्टार्मर के नेतृत्व पर गाहे-बगाहे सवाल उठाते रहे हैं। चार साल पहले उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि स्टार्मर उन्हें लेबर पार्टी के मुख्य मंच पर अपनी बातें रखने का मौका नहीं देते हैं। उस समय बर्नहैम ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर थे और उन्होंने इसे अपने पद का अनादर बताया था।

हालिया संसदीय उपचुनाव में मेकरफील्ड से शानदार जीत दर्ज करके संसद पहुंचे बर्नमैन ने अब अपनी स्थिति को इतना मजबूत लिया कि स्टार्मर को सीधे सत्ता से ही बाहर करने में सफल रहे। बर्नहैम का दावा है कि लेबर पार्टी में केवल उनके पास ही वह राजनीतिक आकर्षण और दूरदृष्टि है जो मतदाताओं से जुड़ सकती है और निजेल फराज के नेतृत्व वाली रिफॉर्म यूके पार्टी को हरा सकती है। प्रवासन नीतियों को लेकर लेबर सरकार के खिलाफ मुखर यह पार्टी पिछले साल की शुरूआत से ही हर चुनावी सर्वेक्षण में आगे चल रही है। कोविडकाल में अपने क्षेत्र में बचाव अभियान के लिए किंग ऑफ नार्थ का तमगा पाने वाले बर्नहैम को किंग ऑफ द नार्थ कहा जाने लगा था।

### क्यों आसान नहीं होगी बर्नहैम की राह?

पार्टी सांसद भी उनकी क्षमताओं के कायल है, जैसा एलेक्स सोबेल ने कहा- बर्नहैम ने ऐसी दूरदृष्टि दिखाई है जिसके मतदाताओं को लुभा सकते हैं। बहरहाल, अगर बर्नहैम को कुर्सी मिलती है तो उन्हें असंतुष्ट मतदाताओं को अपने पाले में लाना होगा। स्टार्मर ने 2024 में लेबर पार्टी को बड़ी चुनावी जीत दिलाई थी, लेकिन उसके बाद उनकी लोकप्रियता लगातार घटी है।

### लेबर पार्टी नेता के चुनाव में दो बार रहे असफल

बर्नहैम का जन्म लिवरपूल में हुआ था, जहां उनके पिता टेलीफोन इंजीनियर और मां रिसेप्शनिस्ट थीं। उन्होंने कैंबिज से पढ़ाई की और राजनीति में पहचान बनाने के जाने-माने रास्ते पर चल पड़े। पहले संसद में रिसर्चर और फिर सलाहकार बने। उन्होंने सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर के कार्यकाल में एक जूनियर मंत्री के रूप में काम किया, और बाद में गॉर्डन ब्राउन के कार्यकाल में संस्कृति मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री रहे। साल 2010 और 2015 में उन्होंने लेबर पार्टी का नेता बनने के लिए चुनाव लड़ा और दोनों ही बार असफल रहे।

### बिना मुकाबले चुने जाने की संभावना

स्टार्मर के पद छोड़ने से पहले ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि बर्नहैम के अलावा पूर्व स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग, एंजेला रेनर और यवेट कूपर भी संभावित दावेदारों में शामिल है। इसमें से एक प्रमुख दावेदार वेस स्ट्रीटिंग ने बर्नहैम के समर्थन की घोषणा कर दी है। ऐसे में बर्नहैम के नेतृत्व के लिए किसी मुकाबले के बिना ही चुन लिए जाने की संभावना बढ़ गई है। उनके चयन की प्रक्रिया पूरी होने तक कीर स्टार्मर पद पर बने रहेंगे।

### ब्रिटेन के साथ एफटीए लागू होने पर टिकीं भारत की नजरें

जुलाई 2024 में प्रधानमंत्री बने मानवाधिकार बैरिस्टर कीर स्टार्मर ने भारत के साथ बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने का वादा किया था। दोनों देशों ने 26 जुलाई 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे और इसे आगामी 15 जुलाई से लागू किया जाना जाना है। बर्नहैम के नए पीएम की संभावनाओं को देखते हुए भारत-ब्रिटेन एफटीए लागू होने में कोई दिक्कत न होने की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने ग्रेटर मैनचेस्टर के मेयर रहते हुए भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम किया व भारत को मजबूती मिली।

## मोदी बोले- देश में नक्सलवाद आखिरी सांसें गिन रहा है, आज जो संविधान हाथ में हिलाते हैं

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने देश में दशकों से जारी नक्सलवाद हिंसा को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा कि जो लोग अब संविधान दिखा रहे हैं, उनके हाथ तब कांप रहे थे, जब नक्सली हिंसा चरम पर थी।

रिपब्लिक भारत न्यूज चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम ने सोमवार को कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने नक्सल प्रभावित इलाकों को पिछड़ा क्षेत्र करार दिया था। लेकिन ठऊअ सरकार ने उन इलाकों को बदलने की चुनौती स्वीकार की, वहां के लोगों को निराशा से बाहर निकलने में मदद की और उनमें तरक्की की उम्मीदें जगाईं।

पीएम ने आगे कहा कि सरकारें आईं और गईं, पीढ़ियां आईं और गईं और ऐसा लगा कि हिंसा का यह दुर्भाग्य ऐसे ही बना रहेगा। लेकिन हमने स्थिति को बदलने के लिए 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ कदम आगे बढ़ाए। आज, देश में माओवादी-नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि इसके लिए पूर्ण समर्पण की आवश्यकता थी।

दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार संविधान की प्रति हाथ में लहराते देखा गया है। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद सांसद के तौर पर शपथ लेते समय भी उन्होंने यही किया था।

### 'नेशन फर्स्ट' ही सरकार का मूल मंत्र

पिछले 12 सालों में केंद्र सरकार के हर फैसले और हर प्रयास के केंद्र में 'नेशन फर्स्ट' की भावना रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया, खादी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे कदम इसी सोच का हिस्सा हैं। हाल ही में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के दौरान दुनिया के नेताओं ने महसूस किया कि आज का भारत 'नेशन फर्स्ट' के सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है।

## दावा-उद्धव के 7वें सांसद भी शिंदे-गुट में आना चाहते थे

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

शिवसेना नेता रामदास कदम ने दावा किया है कि उद्धव गुट के छह सांसदों के अलावा एक और सांसद एकनाथ शिंदे के साथ शामिल होना चाहते थे। कदम ने सोमवार को मुंबई में मीडिया से बातचीत में कहा कि सातवें सांसद ने भी कागज पर साइन कर दिए थे, लेकिन उन्होंने कैबिनेट मंत्री पद की मांग रखी। एकनाथ शिंदे ने इनकार कर दिया, जिसके बाद वह वापस चले गए। हालांकि, कदम ने उस सांसद का नाम बताने से इनकार करते हुए कहा, 'मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन वे उद्धव ठाकरे के बगल में बैठते हैं।'

## आज भारत आएगा अमेरिकी दल, जेमिसन ग्रीर के नेतृत्व में समझौते को अंतिम रूप देंगे दोनों देश

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिका के शीर्ष व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे। दोनों देशों के बीच यह वार्ता ऐसे समय हो रही है, जब भारत अन्य एशियाई देशों की तुलना में बेहतर व्यापारिक शर्तें हासिल करने की कोशिश कर रहा है। जेमिसन की भारत यात्रा 17 जून को फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात के बाद हो रही है। दोनों नेताओं की करीब एक साल बाद हुई इस मुलाकात में व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। इस साल फरवरी में दोनों देशों के बीच व्यापार को लेकर एक प्रारंभिक समझ बनी थी, लेकिन अमेरिका की ओर से धारा 301 (सेक्शन 301) के तहत चल रही जांच को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।



यह जांच कथित अतिरिक्त उत्पादन क्षमता और जबरन श्रम जैसे मुद्दों से जुड़ी है। इस साल फरवरी में दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए थे कि भारत व्यापार की बाधाओं को कम करेगा। साथ ही भारत और अधिक अमेरिकी सामान खरीदेगा, जिसके बदले में भारतीय सामान पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह शुल्क बांग्लादेश और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों पर लगने वाले टैरिफ से कम था।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा, भारत अमेरिका से ऐसा व्यापार ढांचा चाहता है जिससे भारतीय निर्यातकों को वियतनाम और अन्य आसियान देशों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिल सके। अगर 24 जुलाई से पहले समझौता हो जाए तो मुझे खुशी होगी। इसी दिन अमेरिका की ओर से व्यापारिक साझेदारों पर लागू अस्थायी 10 प्रतिशत शुल्क की अवधि समाप्त हो रही है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 23 जून, 2026

## सुभाषितानि

प्राणायामं प्रत्याहारं, नित्यानित्य विवेकविचारम्।
जाप्यसमेत समाधिविधानं, कुर्ववधानं महदवधानम्॥

**भावार्थ** : प्राणायाम, उचित आहार, नित्य इस संसार की अनित्यता का विवेक पूर्वक विचार करो, प्रेम से प्रभु-नाम का जाप करते हुए समाधि में ध्यान दो, बहुत ध्यान दो।

अर्थमनर्थम् भावय नित्यं, नास्ति ततः सुखलेशः सत्यम्।
पुत्रादपि धनभजाम् भीतिः, सर्वत्रैषा विहिता रीतिः॥

**भावार्थ** : धन अकल्याणकारी है और इससे जरा सा भी सुख नहीं मिल सकता है, ऐसा विचार प्रतिदिन करना चाहिए। धनवान व्यक्ति तो अपने पुत्रों से भी डरते हैं ऐसा सबको पता ही है।

## आग्रहितं तस्मात् न्यूनं निर्धारितं भवति चेदपि तस्य परिणामः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

विशेषज्ञाः अपि टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् यदि फिटमेण्ट् कारकं कर्मचारिभिः यत् आग्रहितं तस्मात् न्यूनं निर्धारितं भवति चेदपि तस्य परिणामः मूलवेतनस्य १५ तः २५ प्रतिशतं यावत् प्रभावी वृद्धिः भवितुम् अर्हति अपि च, महङ्गानि, आर्थिकवृद्धिः, राजस्वस्य स्थितिः, राजकोषीय-अनुशासनम् इत्यादीनां विविधानां कारकानाम् अवलोकनेन सर्वकारेण अन्तिमनिर्णयः कर्तव्यः भविष्यति सम्प्रति देशे सर्वत्र लक्षशः केन्द्रसर्वकारकर्मचारिणः पेन्शनभोक्ताश्च आयोगस्य कार्याणि निकटतया निरीक्षन्ते। कर्मचारीसङ्गठनानां मतं यत् आयोगः केवलं वेतनवृद्धौ एव सीमितः न भवेत् अपितु पेन्शनसंरचनायां।

## सम्पादकीयम्

### ग्रह स्पार्क

आवर्ती त्रासदी। समयं स्थानं च परिवर्तयन्तु, तथैव परिस्थितयः उत्पद्यन्ते एव। विगत नवम्बरमासे आन्ध्रप्रदेशस्य श्रीकाकुलममण्डले वेङ्कटेश्वरस्वामीमन्दिरस्य भगदड़ेन नव जनाः मृताः; तत्रापि भग्न-अवरोधेन एषा घटना प्रेरिता। ततः पूर्वं जुलैमासे हरिद्वारस्य प्रसिद्धे मानसादेवीमन्दिरे अफवाः प्राणान् गृहीतवन्तः, जनवरीमासे च भक्तानाम् अत्यधिकप्रवाहस्य कारणेन तिरुपतिमन्दिरस्य स्थितिः नियन्त्रणात् बहिः अभवत् एकः महती त्रुटिः। न केवलं धार्मिकस्थलानि वा घटनाः वा; राजनैतिकसभाः अपि घातकाः सिद्धाः अभवन्-यथा गतसप्टेम्बरमासे अभिनेता-राजनेता-परिणतः विजयेन आयोजिता सभा, यत्र अनियंत्रितजनसमूहस्य कारणेन ३९ जनाः स्वप्राणान् त्यक्तवन्तः। तदनन्तरं सर्वोच्चन्यायालये जनहितविवादः दाखिलः अभवत् यत् राजनैतिकसभासु, सभासु च भीडप्रबन्धनस्य मार्गदर्शिकाः याचन्ते स्म; न्यायालयेन एतत् सर्वकारस्य दायित्वम् इति निर्णयः कृतः। भीड़ प्रबन्धन। सार्वजनिकस्थानेषु उदग्रजनसमूहस्य प्रबन्धनं सर्वदा एकं आव्हानं भवति स्म। यदा प्रत्याशितात् अधिकाः जनाः कस्मिन्चित् स्थाने समागच्छन्ति तदा लघुदोषस्य अपि विनाशकारी परिणामः भवितुम् अर्हति। राष्ट्रिय-अपराध-अभिलेख-ब्यूरो-संस्थायाः आँकडानि सूचयन्ति यत् विगत-त्रिदशकेषु।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जबलपुर आगमन

# ३,००० तः अधिकाः कार्मिकाः नियोजिताः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



राष्ट्रपतिः द्रौपदी मुर्मु अद्य सायंकाले द्विदिवसीययात्रायै जबलपुरम् आगतः। सा पश्चिमबङ्गस्य कलाकुण्डाविमानस्थानकात् दुमनाविमानस्थानकं प्रति भारतीयवायुसेनाविशेषविमानेन आगतवती। राज्यपालः मङ्गुभाई पटेलः दुमनाविमानस्थानके स्वागतं कृतवान्। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवदा, उच्च शिक्षामन्त्री इन्दरसिंह परमार, व वरिष्ठ पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपतिभ्रमणस्य सर्वाणि सज्जतानि प्रशासनेन सम्पन्नानि। सुरक्षाव्यवस्थायाः भागरूपेण ३००० तः अधिकाः सुरक्षाकर्मचारिणः नियोजिताः सन्ति। दुमनाविमानस्थानकात् सर्किट् हाउस्, गैरिसन ग्राउण्ड्, रानी दुर्गावतीविश्वविद्यालयपर्यन्तं सम्पूर्णमार्गे पुलिसबलाः स्थापिताः सन्ति राष्ट्रपतिः शनिवासरे रात्रौ सर्किट् हाउस् नम्बर १ इत्यत्र तिष्ठति।

प्रातः योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु–रविवासरे, जूनमासस्य २१ दिनाङ्के राष्ट्रपतिः प्रातः ७:०५ वादने सर्किट् हाउसतः सदरनगरस्य गैरिसन ग्राउण्ड् प्रति प्रस्थास्यति। सा प्रातः ७:२० वादने आयोजनस्थलं प्राप्स्यति, प्रातः ७:३० वादने आरभ्यमाणे राज्यस्तरीये अन्तर्राष्ट्रीययोगदिवसकार्यक्रमे मुख्यातिथिरूपेण भागं गृह्णीयात्। आयोजने सामूहिकयोगसत्रं भविष्यति, स्वास्थ्यस्य, योगस्य च महत्त्वं विषये सन्देशः प्रसारितः भविष्यति। योगदिवसस्य कार्यक्रमस्य अनन्तरं राष्ट्रपतिः प्रातः ८:३५ वादने गैरिसन मैदानात् सर्किट् हाउस् प्रति प्रत्यागमिष्यति।

दीक्षांतसमारोहे उपाधिं स्वर्णपदकं च प्रदातुं–तदनन्तरं राष्ट्रपतिः प्रातः ११:३० वादने सर्किट् हाउसात् निर्गत्य प्रातः ११:४० वादने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालये आगमिष्यति। सा विश्वविद्यालयस्य ३६ तमे दीक्षांतसमारोहे प्रातः ११:५० वादनतः रात्रौ १२:५० वादनपर्यन्तं मुख्यातिथिरूपेण भागं गृह्णीयात्। समारोहे विभिन्नसंकायानां छात्राणां कृते उपाधिः, स्वर्णपदकानि च प्रदत्तानि भविष्यन्ति। परन्तु दीक्षांतसमारोहस्य विषये विवादः प्रचलति, यतः मञ्चे सम्मानं न प्राप्य अनेके शोधविद्वांसः स्वर्णपदकविजेतारः च स्वस्य विरोधं पञ्जीकृतवन्तः। अपराह्ने ग्वालियरं प्रति प्रस्थानम्– २.

दीक्षांतसमारोहस्य समाप्तेः अनन्तरं राष्ट्रपतिः विश्वविद्यालयात दुमनाविमानस्थानकं प्रति रात्रौ १२:५० वादने प्रस्थास्यति। सा अपराह्ने १:१० वादने विमानस्थानकं आगत्य अपराह्ने १:२० वादने भारतीयवायुसेनायाः विशेषविमानेन ग्वालियरं प्रति प्रस्थातुं निश्चिता अस्ति।

पुनः नीट् प्रशासनाय द्वयात्मकं आव्हानं स्थापयति–अस्मिन् रविवासरे जबलपुर-प्रशासनस्य समक्षं द्वय-चुनौत्यं वर्तते। एकतः राष्ट्रपति-मुख्यमन्त्री-कार्यक्रमेषु सुरक्षाव्यवस्थां प्रबन्धयितव्या, अपरतः पुनः नीट्-परीक्षां करणीयः। नीट् परीक्षायाः कृते मण्डले त्रयोविंशतिः केन्द्राणि स्थापितानि सन्ति, यत्र १०,००० तः अधिकाः छात्राः उपस्थिताः भविष्यन्ति। परीक्षाव्यवस्थायाः उत्तरदायित्वं जिलाधिकारीं प्रति समर्पिता अस्ति, राज्यसर्वकारस्य निदेर्शानुसारम्।

१५ किलोमीर्ट त्रिज्या 'नो-फ्लाई जोन' इति घोषितम्–राष्ट्रपतिस्य जबलपुरस्य भ्रमणं दृष्ट्वा सुरक्षाकारणात् दुमनाविमानस्थानकं, सर्किट् हाउस नम्बर १, एमईएस रेस्ट हाउस्, गैरिसन ग्राउण्ड्, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालयः, सम्पूर्णं वी.वी.आईपी. कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर यह आदेश जारी किया। अस्मिन् प्रतिबन्धितक्षेत्रे ड्रोन्, यूएवी, पैराग्लाइडर, उष्णवायुबेलुन, पतङ्ग इत्यादीनां उड्डयनवस्तूनाम् संचालनं सख्यं निषिद्धम् अस्ति।

## गावास्करस्य मते व्यक्तिगतरूपस्य

# कप्तानत्वनिर्णयस्य च मध्ये दृढः सम्बन्धः अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

सः अवदत् यत् यदा कश्चन क्रीडकः व्यक्तिगतरूपेण उत्तमं प्रदर्शनं करोति तदा तेषां कप्तानत्वनिर्णयेषु आत्मविश्वासः प्रतिबिम्बितः भवति। गिल् न केवलं बल्लेन सह शतकं योगदानं दत्तवान् अपितु स्वस्य गेन्दबाजानां प्रभावीरूपेण उपयोगं कृतवान्। गावास्करस्य मते व्यक्तिगतरूपस्य कप्तानत्वनिर्णयस्य च मध्ये दृढः सम्बन्धः अस्ति, वर्तमानकाले गिल् उभयभूमिकासु उत्कृष्टतां प्राप्नोति।

सः आगामितृतीय-एकदिवसीय-क्रीडायाः विषये अपि स्वविचारं साझां कृतवान्। गावस्करस्य मतं यत् रोहितशर्मा, यशस्वी जायसवालयोः उद्घाटनयुगलं अन्यः अवसरः प्राप्नुयात् इति। सः अपि अवदत् यत् भारतीयदलम् अद्यापि स्वस्य स्पिन् आक्रमणं अधिकं सुदृढं कर्तुं विकल्पान् अन्वेषयति। कुलदीपयादवः यद्यपि उत्तमं गेन्दबाजीं कृतवान् तथापि सः अपेक्षितसङ्ख्यां विकेट् न गृहीतवान्; इदानीं हर्षदुबे प्रभावशाली प्रदर्शनं कृत्वा अपि कतिपयेषु महत् ओवरेषु धावनं कृतवान् अस्ति। एतेन विजयेन पुनः सिद्धं जातं यत्, अनुभविनां क्रीडकानां पार्श्वे भविष्याय सज्जानां युवानां प्रतिभानां दृढं पङ्क्तिं दलस्य अस्ति शुबमनगिल्, ईशानकिशनयोः विस्फोटकबल्लेबाजीं गुर्नूरब्रारस्य द्रुतगन्दबाजीं च मिलित्वा भारतस्य पक्षे निर्णायकरूपेण मेलनं कृतवान्। इदानीं सर्वेषां दृष्टिः श्रृङ्खलायाः अन्तिमक्रीडायां वर्तते, यत्र भारतीयदलः स्वच्छस्वीपस्य लक्ष्यं करिष्यति, अफगानिस्तानदेशः तु किञ्चित गौरवं उद्धारयितुं प्रयतते।

लखनऊनगरे एषा गूञ्जमानविजयेन भारतीयदलस्य मनोबलं अधिकं वर्धितम्। विशेषतः गुर्नूरब्रारस्य उदयमानं प्रदर्शनं भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायाः सकारात्मकसंकेतं दृश्यते। यदि सः निरन्तरं प्रदर्शनं करोति तर्हि आगामिषु वर्षेषु भारतस्य द्रुतगेन्दबाजी-आक्रमणे महत्त्वपूर्णं बलं योजयितुं शक्नोति।

## राशिफल

**मेष** : मेहनत का फायदा भी मिल सकता है। किसी पुराने काम में अच्छी खबर मिल सकती है।

**वृषभ** : नौकरी करने वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। खर्च बढ़ने की संभावना है, इसलिए फिजूलखर्ची से बचें।

**मिथुन** : कारोबार से जुड़े लोगों को छोटी लेकिन संतोषजनक सफलता मिल सकती है। बातचीत में संयम रखना बेहतर रहेगा।

**कर्क** : घर का माहौल अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में भी स्थिति पहले से बेहतर नजर आ सकती है।

**सिंह** : किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है। शाम के समय मन हल्का और खुश रहेगा। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।

**कन्या** : छात्रों के लिए भी समय अच्छा है। किसी यात्रा की योजना बन सकती है। आसान एक्सपेरिमेंट से उपयोगी विचार आते हैं।

**तुला** : काम धीरे-धीरे आगे बढ़ेगा और दिन के अंत तक राहत महसूस होगी। धीरे-धीरे काम करेंगे तो बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** : दोस्तों का सहयोग मिलेगा। नौकरी और कारोबार दोनों में स्थिति संतुलित बनी रहेगी। स्वास्थ्य भी अच्छी स्थिति में रहेगा।

**धनु** : किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लाभ दे सकती है। परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

**मकर** : कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत लोगों की नजर में आएगी। शक्तिशाली परिवर्तन शांति से होता है, प्रदर्शन से नहीं।

**कुंभ** : पुराने विवादों से दूरी बनाए रखना ही बेहतर रहेगा। खर्च शुभ कार्यों में ही होगा। आज के दिन पैसे को समझदारी से इन्वेस्ट करें।

**मीन** : आर्थिक मामलों में राहत मिल सकती है। परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का अवसर मिलेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य ग्रहण 2026 और डबल नवपंचम योग, इन राशियों को रहना होगा सबसे ज्यादा सतर्क



सूर्य ग्रहण 2026 और डबल नवपंचम योग का विशेष संयोग 12 अगस्त को बनने जा रहा है। यहां जानें ग्रहण का समय, ज्योतिषीय महत्व और प्रभावित राशियों की पूरी जानकारी।

वैदिक ज्योतिष में नवपंचम योग को एक महत्वपूर्ण ग्रह योग माना जाता है, जो ग्रहों की विशेष स्थिति से बनता है और व्यक्ति के जीवन पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। 12 अगस्त 2026 का दिन इसलिए भी खास रहने वाला है क्योंकि इस दिन साल का दूसरा और अंतिम सूर्य ग्रहण लगेगा। ग्रहण के दौरान दो अलग-अलग नवपंचम योग बनने से इस संयोग का महत्व और बढ़ जाएगा। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, जहां यह दुर्लभ योग कुछ राशियों के लिए लाभ और नए अवसर लेकर आ सकता है, वहीं कुछ जातकों को चुनौतियों, तनाव और बाधाओं का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि सूर्य ग्रहण और डबल नवपंचम योग का यह विशेष संयोग किन 5 राशियों के लिए शुभ नहीं माना जा रहा है।

**मिथुन राशि–** सूर्य ग्रहण और डबल नवपंचम योग का प्रभाव मिथुन राशि के जातकों के आत्मविश्वास पर पड़ सकता है। इस दौरान आप किसी महत्वपूर्ण निर्णय को लेकर असमंजस की स्थिति में रह सकते हैं, जिसके कारण सही समय पर अवसरों का लाभ उठाने में कठिनाई होगी। करियर और व्यवसाय से जुड़े मामलों में भी निर्णय लेने से पहले कई बार सोच-विचार करना पड़ सकता है। मानसिक तनाव बढ़ने की वजह से मन अशांत रह सकता है और छोटी-छोटी बातों को लेकर चिंता बनी रह सकती है। आर्थिक दृष्टि से यह समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। अनावश्यक खर्चों में वृद्धि होने से बजट प्रभावित हो सकता है और बचत पर भी असर पड़ सकता है। यदि आप किसी नए निवेश की योजना बना रहे हैं, तो विशेषज्ञों की सलाह लेकर ही आगे बढ़ें। स्वास्थ्य के मामले में भी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि तनाव का असर शारीरिक ऊर्जा और दिनचर्या पर पड़ सकता है। योग, ध्यान और सकारात्मक सोच आपको इस अवधि में राहत दिला सकते हैं।

**सिंह राशि–** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय भावनात्मक और आर्थिक दोनों ही स्तरों पर कुछ उतार-चढ़ाव लेकर आ सकता है। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां पैदा होने की संभावना है, जिसके कारण रिश्तों में दूरी या तनाव महसूस हो सकता है। जो लोग किसी रिश्ते में हैं, उन्हें संवाद और धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता होगी। भावनात्मक अस्थिरता के कारण मन कई बार बेचैन रह सकता है और किसी बात को लेकर अधिक चिंतन भी हो सकता है। आर्थिक पक्ष की बात करें तो खर्चों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। घर-परिवार, स्वास्थ्य या अन्य आवश्यकताओं पर अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। ऐसे में बजट बनाकर चलना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह समय सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। थकान, तनाव या पैरों से जुड़ी छोटी-मोटी परेशानियां आपको परेशान कर सकती हैं। इसलिए पर्याप्त आराम और संतुलित जीवनशैली अपनाना जरूरी रहेगा।

**कन्या राशि–** कन्या राशि के जातकों को इस अवधि में पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंधों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी। परिवार के किसी सदस्य, विशेष रूप से माता या वरिष्ठ लोगों के साथ मतभेद की स्थिति बन सकती है। ऐसे में वाणी और व्यवहार पर संयम रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा। प्रेम संबंधों में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं, जिसके कारण भावनात्मक रूप से आप थोड़ा असहज महसूस कर सकते हैं। कार्यस्थल पर आपके प्रयासों के बावजूद अपेक्षित प्रशंसा या सहयोग नहीं मिल पाने से निराशा हो सकती है। कुछ लोग आपकी बातों को गंभीरता से न लें, जिससे मन में असंतोष की भावना उत्पन्न हो सकती है। आर्थिक मामलों में भी थोड़ा दबाव महसूस हो सकता है। आय और खर्च के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण रहेगा, इसलिए फिजूलखर्ची से बचना बेहतर होगा। धैर्य और समझदारी से काम लेने पर परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में आ सकती हैं।

**धनु राशि–** धनु राशि के जातकों के लिए सूर्य ग्रहण और डबल नवपंचम योग का समय सतर्कता बरतने का संकेत दे रहा है। जल्दबाजी या बिना पूरी योजना के लिए गए निर्णय नुकसान का कारण बन सकते हैं। यदि आप किसी नए प्रोजेक्ट, व्यवसाय या निवेश से जुड़े बड़े कदम उठाने की सोच रहे हैं, तो सभी पहलुओं का अच्छी तरह आकलन कर लें। छोटी सी लापरवाही भी पहले से बने हुए कार्यों में बाधा उत्पन्न कर सकती है। आर्थिक मामलों में भी सावधानी बरतना आवश्यक रहेगा। यदि आपने कहीं बड़ा निवेश किया हुआ है, तो उससे अपेक्षित लाभ मिलने में देरी हो सकती है। जोखिम भरे निवेशों से दूरी बनाकर रखना इस समय बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य की बात करें तो पैरों, घुटनों या जोड़ों से जुड़ी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। लंबे समय तक खड़े रहने या अत्यधिक शारीरिक मेहनत से बचना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। मानसिक रूप से भी संतुलित रहने का प्रयास करें और किसी भी निर्णय में जल्दबाजी न दिखाएं।

## न्यूजीलैंड-स्कॉटलैंड, ऑस्ट्रेलिया के सामने पाकिस्तान, श्रीलंका-आयरलैंड के लिए करो या मरो मुकाबला

# विमेंस टी-20 वर्ल्डकप में आज तीन मैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्रिस्टल




विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में आज तीन मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मैच में मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड का सामना स्कॉटलैंड से ब्रिस्टल स्टेडियम में दोपहर 3 बजे होगा। दूसरे मुकाबले में श्रीलंका और आयरलैंड उसी मैदान में शाम 7 बजे भिड़ेंगे। दिन के आखिरी मैच में अजेय ऑस्ट्रेलिया की टक्कर पाकिस्तान से रात 11 बजे लीड्स में होगी।

**पहला मैचः न्यूजीलैंड हारा तो लगभग बाहर–** ग्रुप-बी में न्यूजीलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें पहली बार किसी टी-20 इंटरनेशनल में आमने-सामने होंगी। दोनों टीमों के 3 मैचों में 2-2 अंक हैं, लेकिन न्यूजीलैंड का नेट रनरेट बेहतर है। मौजूदा चैंपियन की शुरूआत बेहद खराब रही थी। टीम अपने पहले दो मैचों में वेस्टइंडीज और श्रीलंका से हार गई थी। हालांकि आयरलैंड पर 4 रन की जीत ने उसकी सेमीफाइनल उम्मीदों को जिंदा रखा है। न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी समस्या गेंदबाजी रही है। टीम के गेंदबाज 3 मैचों में सिर्फ 9 विकेट ले सके हैं, जो टूर्नामेंट में किसी भी टीम से सबसे कम हैं। वहीं बल्लेबाजी में भी कोई खिलाड़ी 45 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया है। कप्तान अमिलिया कर, सोफी डिवाइन और जॉर्जिया प्लिमर पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

दूसरी ओर स्कॉटलैंड ने भले ही सिर्फ एक मैच जीता हो, लेकिन उसने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड जैसी मजबूत टीमों को कड़ी टक्कर दी है। कप्तान कैथरीन ब्राइस और विकेटकीपर सारा ब्राइस टीम की सबसे बड़ी ताकत हैं। आयरलैंड ने भले ही तीनों मैच गंवाए हों, लेकिन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को कड़ी टक्कर दी। कप्तान गैबी लुइस ने पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 58 रन बनाए थे और टीम उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद करेगी।

**तीसरा मैचः जीत का चौका लगाने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया–** दिन के आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना पाकिस्तान से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने अपने तीनों मैच जीते हैं और सेमीफाइनल की दहलीज पर खड़ा है। दूसरी ओर पाकिस्तान लगातार तीन हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है। दोनों टीमों के बीच अब तक 16 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया ने 14 जीते हैं। पाकिस्तान सिर्फ 2 मैच जीत सका है।

### दूसरा मैचः श्रीलंका को आयरलैंड को हराना होगा

ग्रुप-इ में श्रीलंका और आयरलैंड की टीमें ब्रिस्टल में भिड़ेंगी। आयरलैंड पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है, जबकि श्रीलंका की उम्मीदें अभी भी जिंदा हैं। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिए श्रीलंका को अपने दोनों बचे मैच जीतने होंगे और दूसरे नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। श्रीलंका ने टूर्नामेंट में सिर्फ एक मैच जीता है। इंग्लैंड से 87 रन की हार के बाद टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर वापसी की थी, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ 98 रन पर सिमट गई। कप्तान चमारी अट्टापट्टु ने तीन मैचों में सिर्फ 33 रन बनाए हैं और खुद को कप्तान के तौर पर असफल भी बताया है।

## फीफा वर्ल्ड कप में आज रात रोनाल्डो और केन दिखेंगे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ स्पेन

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में मंगलवार देर रात और बुधवार सुबह चार मुकाबले खेले जाएंगे। सबसे ज्यादा नजरें पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो और इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन पर रहेंगी। पुर्तगाल का मुकाबला उज्बेकिस्तान से रात 10:30 बजे हॉस्टन स्टेडियम में होगा। वहीं इंग्लैंड की टीम घाना के खिलाफ रात 1:30 बजे बॉस्टन स्टेडियम में उतरेगी। इसके अलावा पनामा-क्रोएशिया सुबह 4:30 बजे और कोलंबिया-डीआर कांगो के बीच मैच सुबह 7:30 बजे खेले जाएंगे। ग्रुप-के में शामिल पुर्तगाल का सामना उज्बेकिस्तान से होगा। दोनों टीमें पहली बार किसी इंटरनेशनल मुकाबले में आमने-सामने होंगी।

## संजू बोले- धोनी क्रिकेट के फेडरर, कोहली अल्काराज जैसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



विंबलडन से पहले भारतीय विकेटकीपर संजू सैमसन ने क्रिकेट और टेनिस के प्लेयर्स के बीच तुलना की। उन्होंने जियोस्टार से बातचीत में कहा कि अगर क्रिकेट में किसी खिलाड़ी की तुलना रोजर फेडरर से की जा सकती है तो वह पूर्व भारतीय कप्तान एम एस धोनी हैं। वहीं उन्होंने विराट कोहली की तुलना टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज से की।

**महिला टीम का वर्ल्डकप जीतना इंस्पायरिंग था, ऑस्ट्रेलिया से खेलने का अब डर नहीं**

सैमसन ने 2025 में भारत की महिला टीम के वनडे वर्ल्ड कप खिताब को भी याद किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश फाइनल देख रहा था और उस जीत ने भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी।

सैमसन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने को लेकर भी अपनी राय दी। उन्होंने कहा, जब हम बड़े हो रहे थे तब लगभग हर वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया ही जीतता था। यही वजह है कि उनके लिए हमारे मन में काफी सम्मान है। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। हम चैंपियन हैं और उसी सोच के साथ मुकाबला करते हैं। इसलिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सम्मान तो है, लेकिन डर नहीं।

## खबर एक नजर...

### तकनीकी साक्ष्यों से खोज निकाले गुम हुये 13 मोबाइल

**उज्जैन।** मोबाइल गुम होने की लिखित शिकायत पुलिस के पास पहुंचने पर तकनीकी साक्ष्यों (सीईआईआर) के माध्यम से खोज निकालने का अभियान पुलिस द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। अभियान में भाटपचलाना थाना पुलिस ने 4 लाख कीमत के 13 मोबाइल और एक लेपटॉप खोज निकाला। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि खोजे गये मोबाइल और लेपटॉप सोमवार को संबंधित शिकायत करने वालों को वापस लौटाये गये है। मोबाइल मिलने पर उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई थी। लोगों का कहना था कि उन्हे यकीन नहीं था कि पुलिस गुम मोबाइल वापस लौटा पायेगी। लेपटॉप धारक का कहना था कि वह रूनिजा स्टेशन पर जल्दबाजी में ट्रेन पकड़ने का प्रयास करते समय लेपटॉप भूल गया था। जिसमें काफी डाटा सेव था। पुलिस ने कुछ दिनों में खोज निकाला। थाना प्रभारी के अनुसार मोबाइल-लेपटॉप की तलाश करने में प्रधान आरक्षक शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, आरक्षक विजय जाट, मुकेश नागर, हितेश निम्बोला, सुनील चोधरी, उदय यादव का सहयोग रहा। विदित हो कि पिछले पांच माह में जिला पुलिस द्वारा सैकड़ों की संख्या में लाखों रुपए कीमत के मोबाइल खोज लोगों को लौटा दिये है।

### मकान विवाद को लेकर युवक पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** राजीव रत्न मल्टी कालोनी में रविवार रात विजय पिता ओमप्रकाश 32 साल को पडोस में रहने वाले जीवन और उसके पुत्र अजय ने मिलकर चाकू मार दिये। मल्टी के लोगों की मदद से विजय का अस्पताल पहुंचाया गया। घायल विजय ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लगाकर जीवन यापन कर रहा है। माता-पिता का निधन हो चुका है। जीवन और उसका पुत्र काफी दिनों से मकान खाली करने का दबाव बना रहे है। वह मकान पर कब्जा करने की फिराक में है। रात में भी इसी बात पर विवाद हुआ था। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस का कहना था कि अस्पताल की ओर से घायल के साथ मारपीट होने की सूचना प्राप्त हुई है। बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

### भाई बोला फैक्ट्री मालिक की लापरवाही से गई जान

**उज्जैन।** मक्सीरोड नीमनवासा क्षेत्र में वेल्डिंग मशीन बनाने वाली आई आटोस फैक्ट्री में शनिवार को काम करते समय पहली मंजिल की सीढ़ियों से सुनील पिता राधेश्याम सोलंकी 24 साल निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी गिरकर घायल हो गया था। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। रविवार देर शाम उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भाई मनोज ने फैक्ट्री मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि घटना के चार घंटे तक परिजनों को सूचना नहीं दी गई थी। सुनील को 3 से 4 अस्पताल ले जाया गया था। जिसके चलते उसकी हालत काफी बिगड़ गई थी। यह हादसा नहीं लापरवाही से हुई हत्या है। मामले में पंवासा थाना पुलिस का कहना था कि मर्ग कायम पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने पर परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ मामला दर्ज किया जायेगा।

### गाली देने के विवाद में चली तलवार-लाठी, 3 घायल

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम हरनिया डेम पर रविवार रात गाली देने की बात पर हुए विवाद में तलवार-लाठी चल गई। एक परिवार के 3 लोग घायल हुये है। दो को गंभीर चोंट लगने पर चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। घायल शंकरलाल पिता कालू गुजराती ने बताया कि वह डेम पर निवास करते है। ग्राम हिरनिया का रहने वाला गोपाल शराब पीकर आता है और घर के सामने गाली-गलौच करता है। रात में भी गाली दे रहा था। पत्नी पिंकी ने मना किया तो विवाद करने लगा। उसने अपने पुत्र श्रवण, कन्हैया और रिश्तेदार गोवर्धन, राकेश को बुला लिया। सभी ने तलवार-लाठी से हमला किया। जिसमें उसे तलवार से चोंट लगी है। मां सीताबाई लाठियों से घायल हुई है। पत्नी को घसीटकर मारा है।

### साड़ी बेचने आये लोगों पर जताया बांगलादेशी होने का शक

**उज्जैन।** हिन्दूवादी संगठन ने साड़ी बेचने आये कुछ लोगों पर बांगलादेशी होने का शक जताया और पांच को पकड़ लिया। जिन्हे महाकाल थाना लाया गया। जहां उनके वेस्ट बंगाल के होने की पुष्टि हुई है। फिलहाल पुलिस पांचों की गतिविधियों का पता लगा रही है। महाकाल मंदिर क्षेत्र में पांच लोग फेरी लगाकर साड़ी बेचने का काम कर रहे थे। हिन्दूवादी संगठन को खबर मिली कि साड़ी बेचने आये लोग बांगलादेशी हो सकते है। उन्होने पांचों को पकड़ा और महाकाल थाने ले आये। जहां पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो पता चला कि वेस्ट बंगाल के रहने वाले है। उनके आधार कार्ड देखे गये और अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। पूछताछ में पता चला कि 2 दिनों से खाराकुआ थाना क्षेत्र की एक लॉज में ठहरे है। पुलिस ने लॉज संचालक से संपर्क किया तो सामने आया कि वेस्ट बंगाल के दस्तावेज दिये है। पांचों के ठहरने की सूचना खाराकुआ थाना पुलिस को दी गई। मामले में महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि पूछताछ में बांगलादेशी होने की जानकारी सामने नहीं आई है। बावजूद उनकी गतिविधियों का पता लगाया जा रहा है, देर रात तक उनकी कोई संदिग्ध गतिविधियां सामने नहीं आई थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 225-9 | 456-5 |
| मेन बाजार | 277-6 | 480-2 |
| मिलन डे | 458-7 | 779-3 |
| मिलन नाइट | 368-7 | 566-7 |

6 8 0

**रैकी के बाद रात को दिया था अंजाम, एक हिरासत में, 2 की तलाश**

# ताला-चाबी बनाने वालों ने उड़ाया था 40 लाख का माल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सूने मकान में हुई 40 लाख की चोरी को ताला-चाबी बनाने वाले सिकलीगरों ने अंजाम दिया था। सात दिनों की तलाश के बाद एक को हिरासत में लिया गया है। 2 साथी फरार है, जिनकी तलाश जारी है। तीनों ने दिन में रैकी करने के बाद रात को ताला तोड़कर अंजाम दिया था।

नागदा थाना क्षेत्र के सुनील नगर में रहने वाले प्रापर्टी करोबारी मोहम्मद आजाद मंसूरी के मकान में 14-15 जून की रात बड़ी चोरी की वारदात हो गई थी। मामले में पुलिस ने पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसआईटी गठित की गई और थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी को कमान सौंपी गई। एसआईटी में शामिल एसआई विरेन्द्र चौहान, योगिता उपाध्यास, एएसआई अरविंद गनावा, प्रधान आरक्षक विनोद माली सुशील मिश्रा, रोहित मालवीय, आरक्षक कृष्णा बैरागी, मिथुन प्रजापत, रोहित, शेरसिंह, पंकज गर्ग, संदीप ने नागदा कस्बे के साथ उज्जैन, खाचरौद, इंदौर, महिदपुर हाइवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को 6 दिनों तक खंगाला और सातवे दिन चोरी में शामिल एक आरोपी रतलामसिंह उर्फ रत्तु निवासी ग्राम सिगनुर जिला खरगोन को सनावद से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपने दो साथी दिपक सिकलीगर और शिवराज पिता हरपाल निवासी गंधवानी धार के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी गवरी के अनुसार आरोपी से पूछताछ के बाद सनावद के ग्राम इनपुन पुनर्वास में छुपाकर रखे 6 लाख कीमत के आभूषण और 70 हजार रुपए नगद बरामद किये गये है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर 7 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। वहीं दोनों फरार साथियों की तलाश की जा रही है।



#### बाइक से आये थे, आपास में किया बंटवारा

40 लाख की चोरी में रिमांड पर चल रहे आरोपी रतलामसिंह ने पूछताछ में बताया कि तीनों बाइक से नागदा पहुंचे थे। वह ताला-चाबी बनाने का काम करते है। दिन में सूने मकानों की रैकी करते है और रात में वारदात को अंजाम देते है। ताला तोड़ना और खोलना उन्हे आता है। रैकी के दौरान मकान सूना दिखाई दिया था। रात 3 बजे वारदात करने पहुंचे और कुछ मिनटों में ही वारदात कर भाग निकले थे। उसके बाद सनावद पहुंचकर चोरी के माल का आपस में बंटवारा कर लिया था। चोरी का शेष माल दोनों फरार साथियों के पास है।

#### शहर से बाहर गया था कारोबारी का परिवार

थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि वारदात के बाद सामने आया कि प्रापर्टी कारोबारी की पत्नी और बच्चे ईद मनाने के लिये कुछ दिनों से ननिहाल गये थे। मोहम्मद आजाद घर पर अकेला था। वह भी काम के सिलसिले में एक दिन के बाहर चला गया था। 15 जून को सुबह वापस लौटने पर चोरी का मामला सामने आया था। वारदात सामने आने के बाद पुलिस टीम के साथ फिंगर प्रिंट प्रभारी आशा सोलंकी के साथ डॉग स्क्वाड़ टीम मौके पर पहुंची थी।

**रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पर 2 दुकानों में चोरों का धावा**

# छत के रास्ते घुसे और चुराई नगदी, कैमरे खंगाल रही पुलिस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मालीपुरा से लाल मजिस्द की ओर जाने वाले रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पर रविवार-सोमवार रात 2 दुकानों में चोरों ने धावा बोला। सुबह वारदात का पता चलाने पर पुलिस जांच के लिये पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे है। चोरों ने दुकानों से हजारों रुपए नगद चोरी किये है।



कोतवाली थाना क्षेत्र के रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पर गोथरवाल टेलर्स और राजेश इलेक्ट्रिक शोरूम संचालक सोमवार सुबह दुकान पहुंचे और शटर खोला तो काउंटर पर सामान अस्त-व्यस्त दिखाई दिया। गल्ले खुले थे, जिसमें रखी नगद राशि गायब थी। दुकान में देखने पर पता चला कि चोरों ने छत के रास्ते धावा बोला था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि इलेक्ट्रिक दुकान से करीब 50 हजार रुपए नगद और टेलर्स के यहां से 20 से 25 हजार रुपए नगद चोरी हुए है। कुछ कीमती सामान भी चोर ले गये थे। पुलिस ने चोरों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये है। फिलहाल सोमवार शाम तक दोनों दुकानदारों द्वारा मामले की शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस जांच पूरी होते ही मामला दर्ज किया जायेगा। बताया जा रहा है कि चोरों की संख्या 2 से अधिक हो सकती है, रात में वह पास के मकान से चढ़कर दुकानों तक पहुंचे थे।

**गोरनी के कार्यक्रम में जा रहे एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल**

# यादव ट्रेवल्स की बस ने बाइक सवारों को कुचला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर मार्ग पर सोमवार दोपहर यादव ट्रेवल्स की बस ने बाइक सवार 2 ग्रामीणों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल हुआ है। बाइकों के पीछे ही रिश्तेदार आ रहे थे, उन्होने दुर्घटना देखी और दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे।



इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि दोपहर में उज्जैन-बड़नगर के बीच चलने वाली बीके यादव ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 13 पी 4333 ने बाइक सवार 2 ग्रामीणों को कुचल दिया। दुर्घटना में एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरे का उपचार के लिये रिश्तेदार अस्पताल लेकर पहुंचे। दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल मौके पर पहुंच गई थी। मृतक का नाम देवराज पिता रामलाल चौधरी 45 साल निवासी ग्राम मतागंना चिकली सामने आया। घायल मृतक की बुआ का लड़का आत्माराम पिता भागीरथ 65 साल है। परिजनों ने बताया कि दोनों एक बाइक पर सवार होकर ग्राम अजनोटी यशवंत सागर के पास इंदौर गोरनी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। देवराज का छोटा भाई मुकेश रिश्तेदारों के साथ पीछे बाइक से आ रहा था। थाना प्रभारी व्यास के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला था। बस जप्त कर चालक की तलाश की जा रही है।

#### 2 दिन में 4 लोगों ने गवांई जान

सड़क दुर्घटना के मामले लगातार सामने आ रहे है। 2 दिन में 4 लोग अपनी जान गवां चुके है। रविवार को मोहनपुरा ब्रिज के पास तूफान ने मुरलीपुरा के रहने वाले 2 दोस्तों विक्रम बैरागी और किशन बोरासी को कुचल दिया था। दोनों की मौके पर मौत हुई थी। वहीं सोमवार सुबह नरवर में डंपर चालक ने बाइक सवार 3 युवकों को कुचल दिया था। एक युवक के दोनों पैर पूरी तरह से कटकर अलग हो गये थे। जिसका नाम धर्मेन्द्र पिता शंकालाल सामने आया था, उसने मौके पर दम तोड़ दिया था। उसके 2 साथी रोशन पिता देवीलाल और कालू पिता रामप्रसाद गंभीर घायल हुए है। तीनों नरवर के रहने वाले थे ओर सेटिंग का काम करते थे। वहीं सोमवार दोपहर बड़नगर-उज्जैन मार्ग पर दुर्घटना में एक की मौत हुई है और दूसरा जिंदगी की जंग लड़ रहा है।

**आबकारी की 3 गांवों में दबिश, देशी शराब भी बरामद**

# दबिश में मिला कच्ची शराब बनाने का महुआ लहान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ग्रामीण क्षेत्रों में हाथ भट्टी से बनने वाली कच्ची शराब के साथ अवैध शराब व्यवसाय पर अंकुश लगाने के लिये आबकारी विभाग का अमला लगातार कार्रवाई कर रहा है। सोमवार को 3 गांवों में दबिश देकर कच्ची शराब बनाने में उपयोग होने 210 किलो महुआ लहान बरामद कर नष्ट किया गया।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंधा ने बताया कि उपनिरीक्षक कैलाशचंद्र रोईवाल को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिंकदरखेड़ा, बमनापाती और कलमोड़ा में अवैध तरीके से देशी शराब बेचने का काम किया जा रहा है। गांव में जंगल की ओर जाने वाले रास्ते पर हाथ भट्टी पर कच्ची शराब भी तैयार की जा रही है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुदर्शन काले और संजय कुमार जैन, आरक्षक प्रेमचंद जटिया, जगदीश रेशमिया, सरफराज खान, महेश कछवाय, मनीष कामदार, मानव जारवाल, आदित्यराज नागर, सुनील अमरतिया, ज्योति, माया पवार, आरती देवड़ा के साथ तीनों गांवों में दबिश मारी गई।



- ग्राम सिकंदर खेड़ा से गुंजाबाई, ग्राम बमनापाती से इंदरसिंह और कलमोडा से सौदानसिंह को हिरासत में लिया गया। जिनके पास से देशी शराब के क्वार्टर और बीयर की केन बरामद की गई।
- तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया है। दबिश में गांवों से 210 किलो महुआ लहान जप्त किया गया, जिसे हाथ भट्टी पर तैयार होने वाली कच्ची शराब बनाने के लिये गलाकर रखा गया था।
- टीम द्वारा लहान को मौके पर नष्ट कर मामले दर्ज किये गये है। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंधा के अनुसार आबकारी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है।
- नगर निगम सीमा में शराब प्रतिबंधित होने पर टीम रात के समय होटल, ढाबों के साथ अवैध परिवहन को लेकर भी सर्चिंग कर रही है।

# मामा ने दरिंदगी की तो भांजी ने खाया जहरीला पदार्थ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

14 साल की भांजी के साथ मामा ने दरिंदगी करते हुये 2 दिनों तक गलत काम किया। नाबालिग भांजी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो मामला सामने आते ही पुलिस ने मामा को गिरफ्तार कर लिया।



नीलगंगा थाना क्षेत्र में नानी के यहां रहने वाली 14 साल की बालिका के साथ उम्र में 16 साल बढ़े मामा ने दरिंदगी की और भांजी को डराया-धमकाया, यहीं नहीं दूसरे दिन फिर से मामा ने नाबालिग भांजी के साथ गलत काम किया। मामा की हरकतों से परेशान रविवार शाम बालिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर देवासगेट थाना की सीमा में रहने वाली मां पहुंची और अस्पताल लेकर आई। इस दौरान मामा भी अस्पताल पहुंच गया। नीलगंगा थाना पुलिस को बालिका के जहरीला पदार्थ खाने की खबर मिलते ही बयान दर्ज करने पहुंची। जहां पूछताछ में पता चला कि मामा की दरिंदगी से परेशान होकर उसने जान देने का प्रयास किया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले में पास्को एक्ट और दुष्कर्म की धारा में प्रकरण दर्ज किया और रात में ही आरोपी मामा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि मामा अपराधिक प्रवृति का है। उसके खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है। अस्पताल में भर्ती बालिका की डॉक्टरों द्वारा जान बचा ली गई है, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में उपचार जारी है।

**सिंहस्थ पूर्व चौतरफा शहर का स्वास्थ्य सुधारने की तैयारी की कवायद तेज**

# एनक्यूएएस टीम ने निगम का थ्री आर सेंटर देखा

## स्वास्थ्य विभाग के कामों को नियमों के तराजू में रखा टीम ने, इधर पर्यावरण सुधार एवं संरक्षण की पहल देखी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 से पूर्व शहर का मानव स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा व्यवस्था को जांचने के लिए सोमवार सुबह जिला अस्पताल चरक भवन में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन का 3 सदस्यीय दल पहुंचा है। दल तीन दिनों तक यहां मापदंड के तहत गुणवत्ता को जांचेगा और इसके उपरांत अपनी रिपोर्ट केंद्र को देगा। इधर नगर निगम में शहर के पर्यावरण का स्वास्थ्य सुधार एवं संरक्षण को लेकर 3 आर को जांचने के लिए संयुक्त सचिव का आगमन भी हुआ है। उन्होंने भी पर्याव्रण सुधार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य एवं केंद्र को देखा है।

#### 2017 से लागू हुआ प्रमाणन

भारत सरकार ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) लागू किया है। यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) द्वारा स्थापित एक व्यापक संरचना है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा केन्?द्रों पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और उसे बढ़ाना है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन झ 2017. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) कार्यक्रम की शुरूआत की गई, ताकि बेहतर प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को पहचानने के साथ-साथ समुदाय के सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार हो सके। इसके तहत 5र (सॉर्ट, सेट, शाइन, स्टैंडर्डाइज और सस्टेन) का उद्देश्य कार्य वातावरण में सुधार के माध्यम से कर्मचारियों के साथ-साथ रोगियों की संतुष्टि सुनिश्चित करना है।

#### शॉपिंग मॉल की तर्ज पर विकसित होगा 3आर सेंटर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर निगम उज्जैन द्वारा वार्ड क्रमांक 51 नानाखेड़ा क्षेत्र में महाकाल वाणिज्य केंद्र कॉसमॉस मॉल के सामने 4आर उद्यान में नव-निर्मित 3आर (रिड्यूस, रीयूज एवं रिसायकल) सेंटर का अवलोकन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव एवं स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक रूपा मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने इसकी कार्यप्रणाली एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।अधिकारियों ने बताया कि यह 3आर सेंटर नागरिकों द्वारा उपयोग में नहीं लाई जा रही, लेकिन पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के संग्रहण, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने का एक प्रभावी मंच है, सेंटर के माध्यम से घरेलू स्तर पर अनुपयोगी पड़ी वस्तुओं को पुनः उपयोग की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा, जिससे कचरे की मात्रा में कमी आएगी, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा तथा परिपत्र अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी) को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को भी मजबूती प्रदान करेगी, साथ ही इस 3आर केंद्र को शॉपिंग मॉल की तर्ज पर विकसित किया जाएगा जिसमें सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध रहेगी। इसमें सहयोग देकर नागरिक सीधे इससे जुड सकते हैं। 3आर सेंटर का संचालन फीडबैक फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। इस दौरान फीडबैक फाउंडेशन से प्रमोद कुमार पाठक उपस्थित रहें।

#### मानक आधार मूल्यांकन होगा

जिला अस्पताल चरक भवन में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन 2017 के लिए तीन सदस्यीय दल ने डेरा डाला है। तीन दिनों के अपने निरीक्षण में टीम मानक आधारित मुल्यांकन कर अपनी रिपोर्ट से केंद्र को अवगत करवाएगी। उसके उपरांत मुल्यांकन के आधार पर ही प्रमाणन मिल सकेगा। टीम अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर गुणवत्ता मानकों के आधार पर मूल्यांकन करेगी। टीम में डॉ. रूपिंदर कौर (चंडीगढ़, पंजाब), डॉ. सुवर्णा श्रीराम बेंद्रे (औरंगाबाद, महाराष्ट्र) तथा डॉ. विजयचंद्र झा (सीतामणि, बिहार) शामिल हैं। टीम अस्पताल की सफाई व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, रिकॉर्ड संधारण, दवा वितरण, वार्डों की स्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करेगी। साथ ही चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेगी। टीम मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत कर अस्पताल की सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त करेगी। टीम के सदस्यों के स्वागत एवं निरीक्षण के दौरान अस्पताल की ओर से सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया, आरएमओ डॉ. चिन्मय चिंचोलीकर, अस्पताल प्रबंधक हिमानी चौहान तथा डॉ. निधि जैन उपस्थित रहीं। निरीक्षण पूर्ण होने के बाद टीम द्वारा अस्पताल को विभिन्न मानकों के आधार पर अंक प्रदान किए जाएंगे। प्राप्त अंकों के अनुसार अस्पताल को गुणवता संबंधी मान्यता एवं प्रोत्साहन राशि (इनाम) प्रदान की जाएगी। टीम आगमन के पूर्व अस्पताल को चमकाया गया है। प्रबंधन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा रहा। अस्पताल परिसर में सफाई कर्मियों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com